दैनिक

RNI No. MPHIN/2018/77427

सच कहने का साहस

# चम्बल नवराष्ट्र

CHAMBAL NAVRASHTRA

web portal : cnnews.co.in | Email : guptavineet087@gmail.com | Share Events & News 8889307028

वर्ष -6 अंक-228 | भोपाल, सोमवार 29 जुलाई 2024 | पृष्ठ -8 मूल्य-2.00

### बीजेपी शासित राज्यों के मुख्यमंत्रियों की दिल्ली में बैठक पीएम ने कहा-

## गरीबों को राज्य-केंद्र की योजनाओं का फायदा मिले

**नई दिल्ली।** दिल्ली भाजपा हेडक्वार्टर में रविवार को लगातार दूसरे दिन पार्टी शासित राज्यों के मुख्यमंत्रियों और उप-मुख्यमंत्रियों की बैठक हुई। इसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह, पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्?डा और संगठन के प्रमुख नेता मौजूद रहे।

मीटिंग में बीजेपी शासित राज्यों के सीएम ने अपने राज्यों में चल रहे डेवलपमेंट प्रोजेक्ट पर प्रेजेंटेशन दीं। पीएम मोदी ने सभी नेताओं के साथ सरकार के मुद्दों पर विचार-विमर्श किया। मोदी ने सभी मुख्यमंत्रियों को उनके राज्यों में चल रही योजनाओं के पूरा करने और समाज के सभी वर्गों जिनमें विशेषकर गरीबों को योजनाओं के लाभ मिलने पर जोर दिया॥ बैठक में सीएम योगी आदित्यनाथ, डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य, डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक (उत्तर प्रदेश), मोहन यादव (मध्य प्रदेश), भजनलाल शर्मा (राजस्थान), विष्णु देव साय (छत्तीसगढ़), नायब सिंह सैनी




(हरियाणा), भूपेंद्र पटेल (गुजरात), डिप्टी सीएम देवेंद्र फडणवीस (महाराष्ट्र), पुष्कर सिंह धामी (उत्तराखंड), हिमंता बिस्व सरमा (असम), पेमा खांडू (अरुणाचल प्रदेश), बिरेन सिंह (मणिपुर), मोहन चरण माझी (ओडिशा), माणिक साहा (त्रिपुरा) मौजूद रहे।

भाजपा नियमित अंतराल पर मुख्यमंत्री परिषद का आयोजन करती है। इसके जरिए बीजेपी शासित राज्यों में चल रही योजनाओं की समीक्षा की जाती है। राज्यों और केंद्र की योजनाओं की स्थिति जानी जाती है।

शनिवार को हुई बैठक में पार्टी में चल रही अंदरूनी गुटबाजी और इस साल चार राज्यों- महाराष्ट्र, हरियाणा, झारखंड और जम्मू-कश्मीर में होने वाले विधानसभा चुनाव की रणनीति पर चर्चा हुई थी। हालांकि, इसका कोई ऑफिशियल अपडेट नहीं आया था। लोकसभा चुनाव के बाद यह पहली बड़ी बैठक है, जिसमें भाजपा के सभी मुख्यमंत्री मौजूद रहे थे। कल भी राज्यों के मुख्यमंत्री अपने काम का भी हिसाब-किताब दिया था। उन्हें पार्टी की ओर से एक फॉर्मेट दिया गया था, जिसमें अपने कार्यकाल की उपलब्धियां बताने को कहा गया था। साथ ही उन योजनाओं को भी बताने को कहा गया जिसे वो लागू नहीं कर पाए। सूत्रों के मुताबिक, लोकसभा चुनाव में उत्तर प्रदेश समेत सभी राज्यों में पार्टी के खराब और अच्छे प्रदर्शन पर भी चर्चा हुई। इसके अलावा जिन राज्यों में पार्टी के अंदर खींचतान मची है, उस पर भी बातचीत हुई। उत्तर प्रदेश में हाल के दिनों में डिप्टी ष्टरू केशव प्रसाद मौर्य के नाराज होने की खबरें सुर्खियों में रहीं हैं।

### सेहतमंद पंजाब सरकार की गारंटी: स्वास्थ्य विभाग को मिली 58 नई एंबुलेंस, सीएम मान ने दिखाई हरी झंडी

**चंडीगढ़।** पंजाब को सेहतमंद बनाने की सरकार की गारंटी है। इसी मकसद से रविवार को मुख्यमंत्री ने स्वास्थ्य विभाग को आधुनिक तकनीक से लैस 58 नई एंबुलेंस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया है। चंडीगढ़ में आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान मुख्यमंत्री भगवंत मान ने कहा कि पंजाब के स्वास्थ्य विभाग को नवीनतम तकनीक और उपकरणों से लैस 58 एंबुलेंस प्रदान की गई हैं। 14 करोड़ रुपये की लागत से 58 नई आधुनिक एंबुलेंस दी गई हैं। सरकार की प्राथमिकता शिक्षा और स्वास्थ्य है। पंजाब में कुल 325 एंबुलेंस हो गई हैं, जो लोगों के लिए मुफ्त सेवाएं दे रही हैं। हम पंजाब की स्वास्थ्य सेवाओं में क्रांति लाना चाहते हैं। पंजाब में 850 से अधिक आम आदमी क्लीनिक खोले गए हैं।

### राहुल गांधी ने सरकार पर बोला हमला

## खराब शहरी नियोजन की कीमत चुका रहे लोग

**नई दिल्ली।** दिल्ली के ओल्ड राजेंद्र नगर स्थित एक कोचिंग संस्थान में हादसे को लेकर लोकसभा में विपक्ष और कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने सरकार पर हमला बोला है। उन्होंने कोचिंग संस्थान के बेसमेंट में जलभराव में मृत तीन विद्यार्थियों की मौत पर शोक जताया। राहुल ने कहा कि लोग असुरक्षित निर्माण, खराब शहरी नियोजन (टाउन प्लानिंग) और संस्थानों की गैर जिम्मेदारी की कीमत चुका रहे हैं।

राहुल गांधी ने एक्स पर पोस्ट किया कि दिल्ली में एक इमारत के बेसमेंट में जलभराव के कारण प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे छात्रों की मौत बहुत दुर्भाग्यपूर्ण है। कुछ दिन पहले बारिश के दौरान बिजली का झटका लगने से एक छात्र



की मौत हो गई थी। उन्होंने शोक संतप्त परिवारों के प्रति संवेदना जताई। साथ ही कहा कि बुनियादी ढांचे का यह पतन सिस्टम की विफलता है। लोग असुरक्षित निर्माण, खराब टाउन प्लानिंग और हर स्तर पर संस्थानों की गैरजिम्मेदारी की कीमत अपनी जान गंवाकर चुका रहे हैं। राहुल गांधी ने कहा कि सुरक्षित और आरामदायक जीवन प्रत्येक नागरिक का अधिकार है। सरकार की जिम्मेदारी है कि वह उनको सुरक्षित जीवन जीने का माहौल दे।

शनिवार की शाम को कोचिंग सेंटर के बेसमेंट में पानी भरने से एक छात्र और दो छात्राओं की मौत हो गई। इनकी पहचान श्रेया यादव, तान्या सोनी और नेविन डेल्विन के रूप में हुई है। तीनों के परिजनों को सूचना दे दी है। छात्रा श्रेया यादव यूपी के अंबेडकर नगर की रहने वाली थी। जबकि छात्रा तान्या तेलंगाना की रहने वाली थी। छात्र नेविन केरल का रहने वाला था। वह जेएनयू से पीएचडी भी कर रहा था। करीब आठ महीने से वह सिविल सर्विस की तैयारी कर रहा था। हादसे के बाद कोचिंग सेंटर के मालिक और कॉर्डिनेटर को पुलिस ने हिरासत में ले लिया है। पुलिस दोनों से पूछताछ कर रही है। दोनों की गिरफ्तारी की प्रक्रिया भी शुरू कर दी गई है।

### मन की बात मोदी बोले

## 15 अगस्त को स्पीच दूंगा, टॉपिक पर सुझाव भेजें; आजादी के पर्व पर हैंडलूम के कपड़े जरूर खरीदें

**नई दिल्ली।** बजट के बाद आज पहली बार मन की बात कार्यक्रम का 112वां एपिसोड प्रसारित हुआ। पीएम मोदी ने पेरिस ओलिंपिक, मैथ्स ओलंपियाड, असम मोइदम, टाइगर डे, वनों के संरक्षण और स्वतंत्रता दिवस पर बात की।

साथ ही उन्होंने हैंडलूम पर भी चर्चा की। हर साल 7 अगस्त को नेशनल हैंडलूम डे मनाया जाता है। पीएम ने कहा- आजादी के पर्व पर एक कपड़ा खादी का जरूर लें। साथ ही प्रधानमंत्री ने 15 अगस्त की स्पीच में शामिल विषयों पर सुझाव मांगे।

मन की बात कार्यक्रम में पीएम मोदी ने मैथ्स ओलंपियाड विजेताओं से



बात की। इस साल इंग्लैंड के बाथ में 65वें इंटरनेशनल मैथ्स ओलंपियाड का आयोजन किया गया था। इसमें भारत के 6 स्टूडेंट्स ने हिस्सा लिया था। भारत ने इस ओलंपियाड में 4 गोल्ड और 1 सिल्वर मेडल जीते। मोदी ने मन की बात कार्यक्रम में चार स्टूडेंट से बात की।असम मोइदम में अहोम राजवंश के टीले वाले कब्रस्तान को 26 जुलाई को यूनेस्को की वर्ल्ड हैरिटेज लिस्ट में शामिल कर लिया गया। कल्चरल कैटेगरी में शुमार मोइदम भारत की 43वीं हैरिटेज साइट है। मोइदम, अहोम राजाओं, रानियों और रईसों की कब्रें हैं। मोदी ने कहा- आपके मन में यह सवाल जरूर आ रहा होगा कि आखिर ये क्या है। इसका नाम है पहाड़ी पर एक चमकता शहर। यह अहोम साम्राज्य का है। हेरिटेज साइट बनने के बाद यहां और अधिक पर्यटक आएंगे। भविष्य में आप भी यहां जरूर आएं। अपनी संस्कृति पर गौरव करते ही कोई देश आगे बढ़ सकता है।पीएम ने बाघों के संरक्षण पर भी बात की। पीएम ने कहा- कल दुनिया भर में टाइगर डे मनाया जाएगा।

## दिल्ली की आईएएस कोचिंग में 3 स्टूडेंट की मौत

### पावर कट से बेसमेंट में लाइब्रेरी का बायोमेट्रिक गेट जाम; 3 मिनट में 12 फीट पानी भरा

**नई दिल्ली।** दिल्ली में शनिवार शाम को हुई बारिश के चलते ओल्ड राजेंद्र नगर के राउ IAS कोचिंग सेंटर के बेसमेंट में पानी भर गया। जलभराव के कारण 3 स्टूडेंट की डूबने से मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि शाम 7 बजे सूचना मिलने के बाद NDRF को बुलाया गया। देर रात 3 स्टूडेंट के शव और 14 छात्रों को सुरक्षित निकाला गया।

शनिवार रात को बिल्डिंग में पावर कट के कारण बेसमेंट में बनी लाइब्रेरी का बायोमेट्रिक गेट जाम हो गया। स्टूडेंट अंधेरे में लाइब्रेरी के अंदर फंस गए। गेट बंद होने के कारण पानी शुरुआत में बेसमेंट में नहीं घुसा



था, लेकिन कुछ मिनट बाद ही पानी का प्रेशर तेज हुआ और गेट टूट गया। गेट टूटने के बाद पानी तेजी से बेसमेंट में भरने लगा। चश्मदीद ने बताया कि बहाव इतना तेज था कि सीढ़ियां चढ़ना मुश्किल हो रहा था। कुछ सेकेंड में ही घुटनों तक पानी भर गया। ऐसे में स्टूडेंट बेंच पर खड़े हो गए। महज 2-3 मिनट में ही पूरे बेसमेंट में 10-12 फीट पानी भर गया। बाद में बच्चों को बचाने के लिए रस्सियां फेंकी गईं, लेकिन पानी गंदा था, इसलिए रस्सी दिखाई नहीं दी।

कोचिंग मालिक अभिषेक गुप्ता और कोऑर्डिनेटर देशपाल सिंह को गिरफ्तार कर लिया गया है। वहीं, दिल्ली के LG वीके सक्सेना ने डिविजनल कमिश्नर से मंगलवार तक रिपोर्ट पेश करने के लिए कहा है। फायर ऑफिसर ने बताया कि फायर ब्रिगेड की 5 गाड़ियां भेजी गई थीं। सड़क पर पानी भरे होने के कारण शुरुआत में बेसमेंट से पानी नहीं निकल रहा था। कुछ देर बाद जब सड़क से पानी कम हुआ, तब जाकर बेसमेंट से पानी निकलना शुरू हुआ।

## भाजपा की अंदरूनी रार पर मायावती ने कसा तंज, प्रदेश में बाढ़ से बिगड़ते हालात पर सरकार को घेरा

**लखनऊ ।** बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने भाजपा की अंदरूनी रार पर तंज कसते हुए कहा कि मानसून सत्र में इसे हावी नहीं होना चाहिए। विधानमंडल का सत्र शुरू होने से पहले उन्होंने बाढ़, अतिक्रमण, बढ़ती महंगाई और लचर कानून-व्यवस्था को लेकर राज्य सरकार की घेराबंदी की।

रविवार को एक्स पर जारी अपने बयान में बसपा सुप्रीमो ने कहा कि यूपी विधानसभा का मानसून सत्र सोमवार से प्रारंभ हो रहा है। जिसमें सरकार अनुपूरक बजट भी पेश करेगी। हालांकि यह सत्र भी संक्षिप्त ही होगा। भाजपा में जारी घमासान व



इनकी अंदरूनी लड़ाई सदन में भी हावी नहीं होनी चाहिए। इस दौरान जनता व प्रदेश के हित में कार्य हों, तो बेहतर होगा। वहीं दूसरी ओर उन्होंने कहा कि प्रदेश में बाढ़ की तबाही से प्रभावित लाखों परिवारों को सरकारी मदद की तत्काल आवश्यकता है। बाढ़ पीड़ितों के प्रति सरकार का उदासीन रवैया चिंताजनक है। उन्होंने राज्य सरकार को नसीहत दी कि

# श्योपुर जिले की ग्राम पंचायत गलमान्या एवं कुहांजापुर में अफसरशाही पर हावी ग्राम पंचायत


## बारिश में चल रहा मनरेगा का काम, ग्राउंड जीरो से मजदूर गायब फिर भी धड़ल्ले से भरे जा रहे मस्टर





जगदीश प्रजापति








**श्योपुर (चम्बल नवराष्ट्र)** श्योपुर जिला में अफसरशाही पर ग्राम पंचायतों के नुमाइंदे भारी पड़ते दिखाई दे रहे हैं। आलम यह है कि ग्राम पंचायतों में सरपंच सचिव और रोजगार सहायक की मनमानी के आगे प्रशासन बेबस है। मामला श्योपुर जनपद की ग्राम पंचायत गलमान्या एवं कुहांजापुर का है जहां भारी बारिश में भी मनरेगा योजना के तहत निर्माण कार्य चल रहे हैं और मौके पर एक भी मजदूर काम नहीं करने के बावजूद बेखौफ होकर मस्टर भरे जा रहे हैं। मजदूरों के खाते में मजदूरी का भुगतान भी किया जा रहा है। इतना सब होने के बावजूद जिला और जनपद पंचायत के अधिकारियों को कार्य का निरीक्षण करने की फुर्सत भी नहीं है। मनरेगा में खुलेआम चल रहे भ्रष्टाचार को देखकर सहज अंदाजा लगाया जा सकता है कि अधिकारी और सरपंच सचिव आपस में मिलकर शासन का खजाना खाली कर रहे हैं।

### गलमान्या में बरसते पानी में सड़क पर हो रहा मुरमीकरण

शासन के निर्देशों के अनुसार ग्राम पंचायतों में मनरेगा के तहत निर्माण कार्यों पर पाबंदी लग जाती है लेकिन श्योपुर जिले में सरपंच सचिवों को अपनी ग्राम पंचायतों में निर्माण कार्य कराने की इतनी चिंता है कि वह भारी बारिश में भी निर्माण कार्य करवाने से नहीं चूकते। दरअसल गलमान्या ग्राम पंचायत में पंचायत भवन से तालाब तक मुरमीकरण का कार्य मनरेगा योजना के तहत किया जा रहा है। विगत एक सप्ताह से श्योपुर जिले में भारी बारिश हो रही है। लेकिन ग्राम पंचायत में निर्माण कार्य बारिश की रफ्तार से भी तेज गति से हो रहे हैं। निर्माण कार्यो की हकीकत पता लगाने के लिए शनिवार को दैनिक चंबल नवराष्ट्र की टीम जब बरसते पानी में ग्राम पंचायत गलमान्या में निरीक्षण करने पहुंची तो मनरेगा के तहत चला रहे मुरमीकरण के कार्य में एक भी मजदूर कार्य करते नहीं मिला। जब मनरेगा के पोर्टल पर निर्माण कार्यों की प्रगति और मस्टर को जानकारी ली गई तो ग्राम पंचायत द्वारा पोर्टल पर मजदूरों को भुगतान किया दर्शाया। जब चम्बल नवराष्ट्र की टीम ने उक्त मजदूरों से मुरमीकरण कार्य में मजदूर का कार्य करने की जानकारी ली गई तो उन्होंने ऐसा कोई कार्य करना स्वीकार्य नहीं किया। इससे साफ जाहिर होता है कि सरपंच सचिव बिना किसी कार्य मजदूरों के खातों में राशि डलवाकर शासन को चूना लगा रहे हैं।

### ग्राम पंचायत कुहांजापुर में एक सप्ताह में डकार गए पौने दो लाख रुपए

श्योपुर जनपद की कुहांजापुर ग्राम पंचायत में सरपंच सचिव के कारनामे तो गलमान्या पंचायत से भी बड़े हैं। इस ग्राम पंचायत में मनरेगा योजना के तहत बनाए जा रहे पार्क के निर्माण में 54 मजदूर एवं तालाब के निर्माण में 48 मजदूरों को विगत एक सप्ताह से मजदूरी का भुगतान किया जा रहा है लेकिन **दैनिक चम्बल नवराष्ट्र** की पड़ताल में विगत एक सप्ताह से एक भी मजदूर इन दोनों कार्यों में काम करने नहीं गया है। यदि पूरे सात दिनों की मजदूरी का हिसाब किताब लगाया जाए तो कुहांजापुर ग्राम पंचायत के नुमाइंदों ने एक सप्ताह में करीब पौने दो लाख रुपए का घोटाला किया है। यहां एक बात गौर करने योग्य है कि सरपंच सचिव मजदूरों के खाते में मजदूरी के पैसे डलवाकर उन्हे चंद रुपयों का लालच देकर पैसे आहरित करवा लेते हैं। इसका मतलब यह है कि मनरेगा योजना सरपंच सचिवों के लिए पैसों की खान साबित हो रही है।

### मनरेगा के अधिकारियों पर मिलीभगत की आशंका

श्योपुर जनपद की ग्राम पंचायतों में मनरेगा योजना के तहत सरेआम हो रहे भ्रष्टाचार को देखकर सहज अंदाजा लगाया जा सकता है कि मनरेगा के अधिकारियों की मिलीभगत से इस गड़बड़ी को अंजाम दिया जा रहा है। शासन द्वारा जनपद पंचायतों में मनरेगा के कार्यों की मॉनिटरिंग के लिए अधिकारी नियुक्त किया जाता है लेकिन इसके विपरित यह अधिकारी अपने पद का दुरुपयोग करते हुए शासन को चूना लगाने से भी नहीं चूक रहे। वहीं जिला एवं जनपद में बैठे आला अधिकारी भी इस भ्रष्टाचार की तरह आंखे बंद कर तमाशा देख रहे हैं।

# बड़ौदा नगर परिषद की महिला पार्षद ने लगाए गंभीर आरोप...

## विकास कार्यों के नाम पर परिषद कर रही जमकर भ्रष्टाचार



जगदीश प्रजापति




**श्योपुर (चम्बल नवराष्ट्र)।** श्योपुर जिले की बड़ौदा नगर परिषद में वार्ड क्रमांक 6 की महिला पार्षद ने अध्यक्ष सहित पूरी परिषद पर भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप लगाए हैं। पार्षद ने लोक आयुक्त भोपाल को एक पत्र लिखकर नगर में हुए भ्रष्टाचार की किसी एजेंसी से जांच कराने की मांग की है।

वार्ड क्रमांक 6 की पार्षद मनीषा पत्नि गिर्राज जाटव ने बताया कि नगर परिषद ने संविदा पर फर्जी तरीके से कई कर्मचारियों को काम पर रखा है जिन्हे प्रतिमाह वेतन का भुगतान किया जा रहा है। वहीं 12 करोड़ की लागत से बन रहे नाले में अभी तक 2 करोड़ 71 लाख का भुगतान परिषद द्वारा किया जा चुका है जबकि अभी तक महज 300 मीटर ही नाले का निर्माण हो सका है। उन्होंने अपने आरोप पत्र में कहा है कि नगर परिषद ने नाले की साफ सफाई में फर्जी भुगतान करने, गिट्टी मुरम कार्य में भ्रष्टाचार करने, स्ट्रीट लाइट में भ्रष्टाचार करने एवं वार्ड क्रमांक 12 में शमशान निर्माण में जमकर भ्रष्टाचार किया है जिसकी जांच होना आवश्यक है। उन्होंने पत्र लिखकर शासन से बड़ौदा नगर परिषद में चल रहे निर्माण कार्यों की उच्च स्तरीय जांच कराने की मांग की है।

# गढ़ी गांव की आदिवासी बस्ती में बने पंचायती कुएं में गिरी किसान की 5 भैसें, दो की मौके पर मौत

## मौके पर पहुंचे प्रशासन ने जेसीबी मशीन से भैसों को निकाला बाहर





दिलीप कुशवाह

**विजयपुर (चम्बल नवराष्ट्र)।** जिले की विजयपुर जनपद की ग्राम पंचायत गढ़ी में किसान की एक साथ 5 भैस कुएं में गिर गई कुए मे गिरने से दो भैसों की मौके पर मौत हो गई वही तीन को प्रशासन ने बचा लिया, मिली जानकारी के अनुसार आपको बता दे कि गढ़ी गाँव की आदिवासी बस्ती के पास खेत में पंचायत द्वारा बनाए गए सरकारी कुएं में एक साथ 5 भैस अचानक से गिर गई, किसान नृपाल यादव निवासी भोजपहाडिया की 5 भैस खुले कुंए में गिर गई जिससे मौके पर ही कुएं में दो भैसों की मौत हो गई और वही मौके पर पुलिस सहित प्रशासन ने पहुंच कर जेसीबी मशीन के द्वारा सभी भैसों को खुले कुएं से बाहर निकाल लिया गया वही करीब 1 लाख से अधिक रुपये की क्षति किसान को हुई है जिससे किसान का रो - रो कर बुरा हाल है यह कुआ लगभग 15 साल पुराना बताया जा रहा है सरकार द्वारा खोदा गया कुआं है जिसे अभी तक खुला ही छोडा गया है ना ही पूर्व सरपंच सचिवो ने अपनी जिम्मेदारी समझी और न ही वर्तमान ने ,लेकिन अब जो दोषी है वो वर्तमान सचिव है , क्योंकि सचिव की जिम्मेदारी भी है सरकारी खुले कुओं को ढकने की , लेकिन अब देखने वाली बात तो यहाँ है कि इस घटना के बाद सरकारी कुओं को ढकने के लिए कदम उठाए जायेंगे या नहीं ।

### इनका कहना है

यह घटना बहुत ही दुखद है हमने पंचायत सचिव से कुए के बारे मे प्रतिवेदन मांगा है अगर कुआं सरकारी है उसका रख रखाव नहीं किया गया है तो जो भी दोषी होगा उस पर कार्रवाई की जाएगी

**बीएस श्रीवास्तव**
**एसडीएम विजयपुर**

# संरचनाओं को विकसित करना इंजीनियर्स के ऊपर: सांसद

## अभियंता सदन के अतिरिक्त कक्ष का लोकार्पण हुआ

**ग्वालियर।** म. प्र. डिप्लोमा इन्जीनियर्स एसोसियेशन तथा सेवानिवृत डिप्लोमा इन्जीनियर्स संघ के संयुक्त तत्वावधान में पड़ाव स्थित अभियंता सदन के बने अतिरिक्त कक्ष का लोकार्पण सांसद भारत सिंह कुशवाह तथा नगर निगम के सभापति मनोज सिंह तोमर ने किया।



समारोह में सांसद भारत सिंह कुशवाह ने अभियंता सदन के नवीन कक्ष का लोकार्पण करते हुये कहा कि नगर, राज्य तथा देश के नवनिर्माण में ढांचागत रचनात्मक कार्य तथा संरचनाओं को विकसित करने की जबावदारी हमारे होनहार तथा लगनशील इन्जीनियर्स के ऊपर है उस जिम्मेदारी को अभियंतागण संजीदगी से निर्वाह कर रहे हैं। अध्यक्षीय उद्बोधन में नगर निगम के सभापति मनोज सिंह तोमर ने कहा कि अभियंताओं की मांग पर उन्होंने अपनी स्वनिधि 15 लाख रूपये की राशि प्रदान कर अभियंता सदन में अतिरिक्त कक्ष का निर्माण कराने में सहयोग किया, आगे भी वे इस तरह के सहयोग आवश्यकतानुसार करने के लिये प्रतिबद्ध है। कार्यक्रम में इन्जी. वेलफेयर ट्रस्ट के चेयरमेन इन्जी. राजेन्द्र सिंह भदौरिया ने कहा कि यदि शासन स्तर पर अभियंताओं की लम्बित मांगों तथा वर्तमान समस्याओं को निराकृत कर दिया जाये तो अभियंता बन्धु शासकीय जन कल्याण के निर्माण कार्यों को गतिशीलता तथा उच्च गुणवत्तापूर्वक करयेंगे।

इस अवसर पर सेवानिवृत अभियंता संघ द्वारा मुख्यमंत्री के नाम एक ज्ञापन सांसद को सौंपा गया। लोकार्पण कार्यक्रम के उपरांत सांसद भारत सिंह कुशवाह तथा सभापति मनोज तोमर का शॉल, श्रीफल तथा स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मान किया गया। संचालन इन्जी. रविन्द्र सिंह कुशवाह तथा स्वागत भाषण रजनीश गुप्ता और धन्यवाद संजीव जैन ने किया। इस अवसर पर रमेश सिंह भदौरिया, प्रीतम सिंह रावत, वीरेन्द्र सिंह यादव, उमेश गोयल, एल.एन. गुप्ता, अवध कुमार गुप्ता, गिरीश भटेले, विपिन दुबे, ए.पी.एस. भदौरिया, शैलेन्द्र सक्सैना, प्रदीप स्वर्णकार, आर.सी. चिराड़, दिलीप गुप्ता, शिवराज सिंह सिकरवार, सतीश जैन, जी.पी.एस. भदौरिया, श्रीमती ज्योति दोहरे, रश्मि शेंडगे आदि उपस्थित थे।

## विकलांग प्रकोष्ठ मंगलवार को कलेक्टर को करेगा सम्मानित

**ग्वालियर।** रविवार को फूलबाग मैदान के पास बने सुलभ शौचालय के सामने शहर जिला कांग्रेस विकलांग प्रकोष्ठ की एक अहम बैठक जिला संयोजक अनूप जौहरी की अध्यक्षता में हुई। जिसमें सभी विकलांग भाईयों की सहमति से विकलांगजनों के प्रति संवेदनशील एवं नेक दिल कलेक्टर श्रीमती रुचिका चैहान को मंगलवार 30 जुलाई को न्यू कलेक्ट्रेट में होने वाली जनसुनवाई के दौरान सम्मानित करने का निर्णय लिया गया। साथ ही एक ज्ञापन भी विकलांगजन कलेक्टर को सौंपेंगे। बैठक में रामदास रजक, ज्ञान सिंह कुशवाह, बंटी श्रीवास, कपिल राठैर, निहाल सिंह, बलविंदर , धर्मेन्द्र बाथम, वासुदेव किरार, भारत कुशवाह, राजेश देवरिया, मनीष दुबे, नागेन्द्र चैहान, गौरव तोमर, मनीष शिवहरे, ललित लक्षकार, धर्मेन्द्र कुशवाह आदि उपस्थित थे।

# बिजनिस पार्टनर बनाने का झांसा देकर हड़पे 40 लाख

## रोड लाइंस में इंवेस्ट कराकर हर महीने 90 हजार प्रॉफिट का दिया था लालच

ग्वालियर। ग्वालियर में एक सेना के जवान को कुछ जालसाजों ने बिजनिस पार्टनर बनाने का ऑफर देकर 40 लाख रुपए ठग लिए हैं। तीन युवकों ने रोड लाइंस के काम में हर महीने हजारों रुपए कमाने का ऑफर देकर चालीस लाख रुपए बिजनिस में लगवाए। इसके लिए अनुबंध भी किया। जिसमें 90 हजार रुपए हर महीने कमाने और 40 प्रतिशत के हिसाब से 38 हजार रुपए लाभांश देने वादा किया था।



जब तीनों ने सेना के जवान से रुपए बिजनिस में लगवा लिए तो उसको कुछ भी लाभांश या हिस्सा नहीं दिया। जवान ने बार-बार दबाव डाला तो उसे 3 लाख रुपए वापस किए गए। इतना ही नहीं उसने रुपए वापस मांगे तो 15 दिन का समय मांगा। तीनों युवक बार-बार समय मांगते रहे, लेकिन न तो प्रॉफिट दिया न ही रुपए लौटाए। घटना साल 2023 से अभी तक की है। पीड़ित ने महाराजपुरा थाना पहुंचकर मामले की शिकायत की है। पुलिस ने ठगी करने वालों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

शहर के महाराजपुरा आदितयपुरम संस्कार गार्डन बी-6 निवासी सत्यवान सिंह वर्तमान में सशस्त्र सीमा बल द्वितीय वाहिनी में सैनिक हैं। अभी वह श्रीनगर के बारामूला जिले में पदस्थ हैं। जवान के अनुराग चौहान निवासी शताब्दीपुरम, नीरज शर्मा निवासी ग्राम दुहिया बहांगी खुर्द व सूरज हर्षाना से कुछ समय से मित्रवत संबंध हो गये थे। साल 2023 में यह तीनों जवान के घर आदित्यपुरम आए। अनुराग चौहान एवं नीरज शर्मा द्वारा बजाया गया कि वह गुरुकृपा रोड लाइंस के नाम से अपने मामा के साथ व्यवसाय करते है। उनकी इस फर्म में अभी पैसों की आवश्यकता है। तीनों ने सेना के जवान से 40 लाख रुपये की मांग की गई। साथ ही 40 लाख रुपए के बदले अपनी फर्म मे साझेदार बनाने व व्यवसाय का 40 प्रतिशत लाभांश देने की बात कही। उनका कहना था कि अभी 90 हजार रुपए महीना कमा रहे हैं। यह तो उसे मिलेगा ही, साथ ही 38 हजार रुपए लाभांश भी दिया जाएगा। इन सभी बातों को एक लिखित अनुबंध पत्र के माध्यम से तय किया गया।

इसके बाद समय निकलता गया, लेकिन तीनों आरोपियों ने न मासिक 90 हजार रुपए दिए न ही लाभांश के 40 प्रतिशत दिया। जब भी उनसे रुपयों की मांग की गई तो टालमटोल करते रहे। आरोपियों के दिए गए चेक जब उन्होंने बैंक में लगाना चाहा तो आरोपियों ने 15 दिन का समय मांगा। जब 15 दिन गुजर गए तो फिर समय मांगा। ऐसे करते हुए आरोपी लगातार समय मांगते रहे।

आरोपियों पर जब सेना के जवान ने दबाव बनाया तो उन्होंने फिर एग्रीमेंट किया। इस बार अनुराग चौहान और नीरज शर्मा के तीसरे साझेदार सूरज हर्षाना निवासी बारादरी ने जिम्मेदारी ली कि पूरी रकम वह वापस करेगा। इस दौरान एक नया अनुबंध किया गया, लेकिन इसके बाद भी वही हाल रहा। न तो बिजनिस में फायदा दिया जा रहा था न ही रुपए लौटाए जा रहे थे। परेशान होकर पीड़ित सेना के जवान ने मामले की शिकायत महाराजपुरा थाना में की है। पुलिस ने जांच के बाद तीनों आरोपियों पर धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर लिया है।

# सेकंड बटालियन में नीम के पेड़ों पर कीड़ों का हमला, कृषि विभाग की टीम ने किया निरीक्षण



**ग्वालियर।** सेकंड बटालियन में कीड़ों के हमलों से प्रभावित नीम के पेड़ों का कृषि विभाग की टीम ने निरीक्षण किया। नीम के सैंकड़ों पेड़ कुतरने की घटना को जिला प्रशासन ने त्वरित संज्ञान में लेते हुए उपसंचालक कृषि आरएस शाक्यवार ने तत्काल कृषि विज्ञान केन्द्र के कीट विशेषज्ञ डाक्टर एसपीएस तोमर एवं वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी घाटीगांव दिलीप कटारिया ने निरीक्षण किया।

कृषि विभाग की टीम ने सेकेंड बटालियन ग्वालियर के सुरेंद्र कुमार यादव एवं निरीक्षक नरेन्द्र सिंह कुशवाह के समक्ष प्रभावित पेड़ों का निरीक्षण किया। वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी दिलीप कटारिया ने बताया कि एक अभियान के रूप में सभी केटरपिलर के झुंड को सभी नीम पेड़ से एकत्र कर नष्ट करें। नेटन कैटरपिलर कीट है, जिसका ग्वालियर में नीम के पेड़ पर पहली बार प्रकोप दिखा है इसे जैविक नियंत्रण बेसिलस थ्यूरीजियेन्सिस (बीटी) 2.5 उस मात्रा प्रति लीटर पानी में मिलाकर छिड़काव करना चाहिए।रसायनिक नियंत्रण हेतु ( प्रोफेनोफास 40 प्रतिशत साइपरमेथ्रिन 4 प्रतिशत) 2 उस प्रति लीटर पानी में मिलाकर प्रभावित पेड व कीट पर छिड़काव करें। नीम के पेड़ ऊंचाई पर होते हैं जिस पर पावर स्प्रेयर या ड्रोन के द्वारा छिड़काव करना उचित रहेगा। इस संबंध में इफको के एरिया मैनेजर को उपसंचालक कृषि ग्वालियर आरएस शाक्यवार ने भी विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया है कि प्रभावित पेड़ों पर शीघ्र ड्रोन द्वारा छिड़काव करें।

# उद्यानिकी मंत्री कुशवाह ने बुद्धा पार्क में पौधे रोपे

**ग्वालियर।** प्रदेश के उद्यानिकी, खाद्य प्रसंस्करण, सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन कल्याण मंत्री श्री नारायण सिंह कुशवाह ने कहा है कि हर व्यक्ति को कम से कम एक पेड़ लगाकर उसकी देखभाल अवश्य करना चाहिए। पर्यावरण को बेहतर बनाने के लिये वृक्षारोपण से अच्छा कोई उपाय नहीं है। देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आह्वान पर पूरे देश भर में एक पेड़ माँ के नाम लगाने का अभियान चलाया जा रहा है। मध्यप्रदेश में भी मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में सम्पूर्ण प्रदेश में शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्र में एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत अधिक से अधिक वृक्षारोपण का कार्य किया जा रहा है।



उद्यानिकी मंत्री नारायण सिंह कुशवाह ने वार्ड क्र.-37 स्थित बुद्धा पार्क में 51 पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण में अपना योगदान दिया। इस अवसर पर सर्वश्री मनीष राजोरिया, संतोष गोडयाले, गुरुमुख करोसिया, गब्बर जाटव, दिनेश पारक्षे, गोपाल जाटव, पोहप सिंह जाटव, अमन दाऊ, रंजीत नरवारे, शिवा टांक, रोहित चावड़िया, विक्की चौबे, मुकेश परिहार, मेहरवान क्षारी एवं कमल कैलासिया आदि उपस्थित थे।

## बजरंग भक्त मंडल ने खिलाया गौमाता को हरा चारा



**ग्वालियर।** बजरंग भक्त मंडल ने रविवार को दान दाताओं के सहयोग से 600 किलो हरे चारे की गौ सेवा की। जिसमे 200 किलो हरे चारे की सेवा गौसेवक शालिनी त्रिपाठी, 147 किलो हरे चारे की सेवा गौसेवक मित्तल परिवार, 147 किलो हरे चारे की सेवा गौसेवक घनश्याम साहू एवं 100 किलो हरे चारे की सेवा गौसेवक अनिल गुप्ता द्वारा इस प्रकार कुल 600 किलो हरे चारे की सेवा की गई। गौसेवा में मंडल के अध्यक्ष आशीष मंगल, उपाध्यक्ष अमन गर्ग, सह सचिव नमन अवस्थी, कोषाध्यक्ष राम किशोर मंगल, कार्यकारिणी सदस्य विशाल अग्रवाल, संजीव गुप्ता, हरिशचंद्र अग्रवाल, हरीश राठौर, अनिल गुप्ता कवडे वाले, सुनील गोयल आदि सदस्य उपस्थित थे।

# विधायक डॉ. सिकरवार ने हजारों बच्चों को दिखवाया जादूगर अजूबा

## बच्चों में था भारी उत्साह, सतीश मामा जिंदाबाद के नारे लगाए

**ग्वालियर।** 16 ग्वालियर पूर्व विधानसभा क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 20 से वार्ड 28 तक के हजारों बच्चों को विधायक डॉ. सतीश सिकरवार ने आज रविवार को सुबह 9 स्पेशल शो के तहत जादूगर अजूबा दिखवाया। बच्चों में भारी उत्साह था और भगवत सहाय मेडिकल सभागार में बच्चें सतीश मामा जिंदाबाद, सतीश चाचा जिंदाबाद, सतीश भैया जिंदाबाद के जोशीले नारे लगाते हुये हॉल में प्रवेश कर रहे थे। हजारों बच्चों को स्वल्पहार और पानी की बोतल मुहैया कराई गई। वार्डों से बच्चों को लाने ले जाने के लिये बसों की व्यवस्था की गई थी। बच्चें जादू देखकर बेहद रोमांचित थे। बच्चों की देखरेख के लिये कांग्रेस कार्यकर्ताओं की टीम लगाई गई थी और विधायक डॉ. सिकरवार ने स्वंय बच्चों के साथ बैठकर जादू का शो देखा। बच्चों की



रवानगी तक विधायक डॉ. सिकरवार स्वंय व्यवस्था देख रहे थे। बच्चों के मनोरंजन से जुड़े कार्यक्रमों की श्रृंखला में रविवार 4 अगस्त को कांग्रेस विधायक डॉ. सिकरवार के द्वारा डॉक्टर भगवत सहाय मेडिकल सभागार में विख्यात जादूगर अजूबा का स्पेशल शो सुबह 8.30 बजे दिखवाएंगे। आगामी रविवार को वार्ड क्रमांक 29, 57, 58, 59 एवं 60 के बच्चे शामिल रहेंगे । बच्चों को लाने और छोड़ने के लिए बसों की व्यवस्था रहेगी। साथ ही बच्चों को पानी की बोतल और स्वल्पहार की भी व्यवस्था रहेगी। बसों पर क्षेत्र के कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहेंगे। इसके बाद अगले रविवार को अन्य वार्डों के बच्चे जादूगर का शो देखेंगे।

## संपादकीय

# सत्ता के खेल और तिकड़में

सरकार बनाये रखने या चुनाव जीतने के लिये भारतीय जनता पार्टी किस प्रकार से हथकंडे अपनाती है, इसका एक और उदाहरण महाराष्ट्र में देखने को मिला है जहां पूर्व मंत्री अनिल देशमुख ने आरोप लगाया है कि प्रदेश के उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडनवीस ने उन पर दबाव डाला था कि वे शिवसेना प्रमुख उद्धव ठाकरे, उनके पुत्र आदित्य ठाकरे, नेशनल कांग्रेस पार्टी के अजित पवार और पूर्व परिवहन मंत्री अनिल परब को फंसाने वाले हलफनामे पर हस्ताक्षर कर दें जिसके लिये उन्होंने मना कर दिया था। यह तब की बात है जब राज्य में उद्धव ठाकरे के नेतृत्व में शिवसेना, एनसीपी तथा कांग्रेस की सरकार चल रही थी। भारतीय जनता विपक्ष में थी। देशमुख के अनुसार एक मध्यस्थ के माध्यम से उनके पास यह संदेश आया था। वह मुलाकात एक होटल में हुई थी जिसमें उन्हें प्रस्ताव दिया गया था कि अगर देशमुख ऐसा करते हैं तो उन्हें उनके खिलाफ चल रहे मामले में राहत मिल जायेगी। देशमुख के अनुसार उन्होंने इस प्रस्ताव को नामंजूर कर दिया था। उल्लेखनीय है कि देशमुख ने इसी सरकार में गृह मंत्री के पद से अप्रैल, 2021 में इस्तीफा दे दिया था क्योंकि उन पर मुंबई के तत्कालीन पुलिस कमिश्नर परमबीर सिंह द्वारा आरोप लगाया गया था कि उन्होंने उनसे कहा था कि पुलिस वालों से वे शहर भर के होटलों व बार मालिकों से हफ्ता वसूली के लिये कहें। देशमुख अब एनसीपी (शरद पवार) के नेता हैं। यह मामला इसलिये उठा है क्योंकि बुधवार को फडनवीस ने आरोप लगाया है कि उद्धव ठाकरे और शरद पवार के खिलाफ़ अनिल देशमुख बातें करते रहे हैं जिसकी वीडियो क्लिप उनके पास है। इसी के जवाब में देशमुख ने गुरुवार को एक प्रेस कांफ्रेंस कर फडनवीस को चुनौती दी कि वे कथित वीडियो क्लिप को सार्वजनिक करें। इसी सन्दर्भ में बुलाई मीडिया कांफ्रेंस में खुद देशमुख ने यह आरोप जड़ दिया। उनका आरोप है कि उनसे कहा गया था कि अगर वे ऐसा करते हैं तो उनके पीछे न ही ईडी (प्रवर्तन निदेशालय) लगेगी और न ही सीबीआई। वैसे देशमुख की इस चुनौती का जवाब भी फडनवीस की ओर से आ गया है। उन्होंने कहा कि देशमुख के खिलाफ उनकी पार्टी के ही नेता उनसे मिले थे। उन लोगों के पास उद्धव ठाकरे, शरद पवार, विवादास्पद पुलिस अधिकारी सचिन वाजे आदि के खिलाफ उनकी (देशमुख) टिप्पणियों वाले सबूत भी थे। फडनवीस ने चेतावनी दी है कि यदि उन्हें चुनौती दी गयी तो उनके पास वीडियो क्लिप सार्वजनिक करने के अलावा और कोई चारा नहीं रह जायेगा। उन्होंने यह भी याद दिलाया कि परमबीर सिंह द्वारा उन पर लगाये 100 करोड़ रुपये की वसूली वाले आरोप के मामले में देशमुख जमानत पर हैं। इस प्रकरण में जिस वीडियो क्लिप को लेकर विवाद हो रहा है, वह सार्वजनिक होती है या नहीं और क्या उस क्लिप से कुछ साबित होता है, यह तो पता नहीं लेकिन एक बात साफ है कि विरोधी दलों के नेताओं को फंसाने और स्थिर सरकारों को गिराने या डांवाडोल करने का भाजपायी खेल लम्बे अरसे से जारी है, उसकी महाराष्ट्र में गहरी जड़ें होने का एक और सबूत मिला है। वैसे तो भाजपा ने अनेक सूबों में विरोधी दलों की सरकारों को इन्हीं तरह के दांव-पेंचों से गिराया है, लेकिन महाराष्ट्र में यह खेल बड़े पैमाने पर खेला गया था जिससे देश का लोकतंत्र शर्मसार हुआ था। याद हो कि 2022 के विधानसभा चुनावों में एक बार भाजपा की सरकार बनी थी जो बाद में पलट गयी थी। यहां एनसीपी व कांग्रेस के समर्थन से उद्धव ठाकरे के नेतृत्व में सरकार तो बनी थी लेकिन बाद में शिवसेना व एनसीपी को तोड़कर भाजपा ने सरकार बनाई है। शिवसेना जहां एकनाथ शिंदे के नेतृत्व में टूटी वहीं एनसीपी सुप्रीमो शरद पवार के भतीजे अजित ने प्रफुल्ल पटेल, छगन भुजबल आदि के साथ अलग पार्टी बना ली थी। अजित पवार तो उप मुख्यमंत्री हैं जिनके बारे में भाजपा भ्रष्टाचार के गम्भीर आरोप लगाती थी। इस प्रकरण के सामने आने से एक बार फिर से आरोप प्रबल हो गए हैं कि भाजपा अपनी जांच एजेंसियों के बल पर किस प्रकार से विरोधी दलों के नेताओं को तोड़ने का काम करती है। यह आश्चर्य की बात है कि हाल के लोकसभा चुनावों में इसी महाराष्ट्र में झटका खाने के बाद भी भाजपा का नेतृत्व अपनी इन क्षुद्र हरकतों से बाज नहीं आ रहा है। लोकसभा चुनाव में भाजपा की सीटें जबर्दस्त ढंग से घटी हैं। भाजपा ने जिस प्रकार से शिवसेना व एनसीपी को तोड़ा था, उसका अच्छा संदेश जनता में नहीं गया था। उद्धव और पवार के पक्ष में सहानुभूति लहर चल पड़ी थी। राज्य में अक्टूबर तक चुनाव होने हैं। भाजपा की इसी तोड़-फोड़ के कारण आज भी जनता की सहानुभूति उद्धव-पवार के साथ है। बहुत सम्भव है कि इसका खामियाजा एक बार फिर से भाजपा को भुगतना पड़ सकता है। विधानसभा चुनावों में वहां की जनता क्या फैसला करती है यह तो बाद में ही पता चलेगा, लेकिन भाजपा का षड्यंत्रकारी चेहरा एक बार फिर से बेनकाब हो गया है।

# सरकारी विभागों पर बकाया राशि का भुगतान ना हो पाने के चलते स्वयं सहायता समूह का रेस्टोरेंट बंद

### समूह की 10 महिलाएं हुई बेरोजगार



**श्योपुर (चम्बल नवराष्ट्र)।** शहर का चर्चित और स्वादिष्ट चाय-नाश्ते का होटल एएम प्रसादम पिछले करीब 8 से 10 दिन पहले से बंद है। यह रेस्टोरेंट शहर के कन्या शाला के ठीक बगल में संचालित होता था, जिस पर स्वादिष्ट पोहा, प्याज और दाल की कचोरी, समोसा, मूंग का हलवा, खमण, जलेबी, बिडई से लेकर फेमस रामभाजा, डाल बाटी चूरमा और पनीर टिक्कड़ बनाए जाते थे।

यहां के स्वाद का दीवाना हर कोई है। लेकिन, सरकारी विभागों पर बकाया राशि का भुगतान नहीं हो पाने की वजह से इसे फिलहाल बंद कर दिया गया है। इससे यहां पर काम करने वाली 10 महिलाएं बेरोजगार हो गई हैं।

एनआरएलएम विभाग के महिला स्वयं सहायता समूह शहर के श्योपुर-शिवपुरी मुख्य मार्ग पर एक शासकीय बिल्डिंग में एएम प्रसादम नाम से एक रेस्टोरेंट संचालित कर रहा है। यहां पर अच्छे स्वाद के साथ बैठने के इंतजाम होने की वजह से शहर ही नहीं बल्कि, बाहर के लोग भी यहां नाश्ता खाना खाने के लिए आते थे। लेकिन, कई सरकारी विभागों ने इस रेस्टोरेंट से खाना-नाश्ता उधार लेकर उसका भुगतान नहीं किया। इस वजह से रेस्टोरेंट का 5 लाख रुपए से ज्यादा राशि अभी भी नगर पालिका, निर्वाचन, कलेक्ट्रेट, जनपद सहित कई अन्य विभागों पर बकाया है। इसका भुगतान कई महीने बाद भी नहीं हो सका है। इसी उधारी के कारण इस रेस्टोरेंट को फिलहाल के लिए बंद किया गया हैं और बकाया राशि वसूलने के लिए प्रयास किए जा रहे हैं। रेस्टोरेंट के बंद होने से रेस्टोरेंट संचालन करती रही करीब 10 महिलाएं बेरोजगार हो गई हैं। क्योंकि, महिलाओं को रोजगार देने के उद्देश्य से यह रेस्टोरेंट चलाया जा रहा था। जिससे 10 परिवारों की आजीविका संकट में आ गई है। शहर के लोग भी अच्छे स्वादिष्ट नाश्ते के लिए परेशान हैं। इस संबंध में एएम प्रसादम रेस्टोरेंट को संचालित करने वाली बाबा रामदेव स्वंय सहायता समूह की अध्यक्ष द्वारिका बाई का कहना हैं कि एएम प्रसादम को हमारे समूह की 10 महिलाओं को रोजगार देने के उद्देश्य से शुरू किया गया था। प्रत्येक महिला की 10-10 हजार रुपए महीने की सैलरी थी।

लेकिन, पिछले कुछ दिनों से यह बंद हो गया है। इससे हम 10 महिलाओं की आमंदनी बंद हो गई है। हमारी मांग है कि यह जल्दी फिर से चालू किया जाए। क्योंकि, इसी से हमारे परिवार की आजीविका चलती है। इस बारे में एनआरएलएम विभाग के डीपीएम सोहन कृष्ण मुद्गल का कहना है कि रेस्टोरेंट को चलाने वाले मारवाड़ी जी के भाई की तबीयत खराब होने की वजह से वह उन्हें दिखाने के लिए चले गए थे। स्टाफ भी इस बीच काम पर नहीं आया। इससे बंद किया गया। अब वह लौट आए हैं। एक दो दिन में इसे फिर से शुरू किया जाएगा। जो 5 लाख रुपए के करीब की उधारी है। विभागों पर उसे लेने का काम भी किया जा रहा है।

# कुशवाह समाज की बैठक निजी गार्डन में सम्पन्न



**सिरोंज (चम्बल नवराष्ट्र)।** सिरोंज में आज कुशवाह समाज निजी गार्डन बैठक सम्पन्न हुई जिसमें अखिल भारतीय कुशवाहा महासभा तहसील अध्यक्ष बुंदेल सिंह कुशवाह को सर्वसम्मति से चुना गया और सचिव भीमराव कुशवाह और सह सचिव एडवोकेट अमर सिंह कुशवाह को बनाया गया , इस दौरान शमशाबाद से आए चुनाव प्रभारी मदन लाल कुशवाह और राजेश कुशवाह सह प्रभारी महेश कुशवाह सिरोंज बैठक में उपस्थित समाज बंधुओं ने पूर्व अध्यक्ष राकेश कुशवाह के कार्यकाल के कार्यों की सराहना की और समाज में एक साथ मिलकर सभी कार्य करेंगे,समाज के उत्थान के लिए सभी ग्रामों में समाज में जागरूकता लायेंगे और शिक्षा का प्रसार करेंगे,इस दौरान नवीन अध्यक्ष बुंदेल सिंह कुशवाह के द्वारा सभी समाज बंधुओ। का आभार व्यक्त किया गया ,कार्यक्रम का संचालन समाजसेवी रामबाबू कुशवाह के द्वारा किया गया,

इस दौरान उपस्थित देवपुर मंदिर समिति अध्यक्ष घनश्याम कुशवाह, मुंशीलाल कुशवाह , मुन्नालाल कुशवाह गुमानीलाल कुशवाह खेमचंद्र कुशवाह पूर्व सीएमओ बालमुनकुंद कुशवाह , मुंशीलाल कुशवाह,रेबाराम कुशवाह सीताराम कुशवाह ,,इंद्र सिंह कुशवाह अमर सिंह कुशवाह ,कैलाश ,गुलाब सिंह कुशवाह ,बसंती लाल कुशवाह,कमलेश कुशवाह, एडवोकेट मलखान सिंह,नीलेश कुशवाह पुरुषोत्तम कुशवाह प्रदीप दीपक गोलू कुशवाह सहित सैकड़ों की संख्या में समाज बंधु उपस्थित रहे

# न्याय की मांग को लेकर मुख्य बाजार से निकाली रैली, थाने पहुंच कर सौंपा ज्ञापन

### मां बेटी को न्याय दिलाने सड़कों पर जैन समाज



**सिरोंज (चम्बल नवराष्ट्र)।** रविवार को सिरोंज जैन समाज के महिला, पुरुष बड़ी संख्या में एकत्रित होकर मुख्य बाजार से पैदल मार्च निकालते हुए थाना परिसर पहुंचे जहां पर थाना प्रभारी संदीप कुमार पवार को एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में अर्चना जैन ने बताया कि उनकी शादी नगर के राजीव जैन से वर्ष 1997 में हुई थी। विवाह से एक वर्ष पश्चात 1998 को एक पुत्री हुई जिसका नाम श्रद्धा जैन है, वर्तमान में अपनी बच्ची के साथ मेरे माता-पिता के पास बीना में रहती हूं। उन्होंने कहा कि मेरे पति राजीव जैन विवाह के तीन वर्ष पश्चात से मुझे पुत्री होने का ताना देना एवं मेरे साथ बात-बात पर झगडा व मारपीट करने लगे थे। लेकिन में यह सोचकर सहती रही कि मेरी अबोध बालिका का भविष्य खराब न हो और समाज में बदनामी ना हो इस कारण में अपने पति की मारपीट व प्रताड़ना सहती रही।

फिर भी मेरे पति के व्यवहार में कोई परिवर्तन नही आया उन्होंने मुझे व मेरी पुत्री को घर से भगा दिया व अपने धन बल व राजनीतिक रसूख का प्रभाव बताकर कोई प्रकरण भी पंजीबद्ध नही होने दिया। श्रीमती जैन ने कहा कि मेरा अभी तक तलाक नहीं हुआ इसके बावजूद भी मेरे पति किसी अन्य महिला के साथ रह रहे हैं एवं कागजों में भी परिवर्तन कर चुके हैं, जिसका एक बच्चा भी है। जबकि मेरी बच्ची दर दर की ठोकरें खाने को मजबूर हो रही है। उन्होंने मांग की है की मुझे ससम्मान मेरी पुत्री के साथ घर में वापसी एवं मेरा अधिकार दिलवाया जाए। साथ ही बिना विवाह के अन्य महिला के साथ रहने एवं कागजों में गलत तरीके से नाम जुड़वाने पर कानूनी कार्रवाई की जाए। वही उन्होंने कहा कि मेरी पुत्री श्रद्धा जैन ने हिम्मत जुटाकर सिरोंज जैन समाज के समक्ष अपनी सारी व्यथा बताई जैन समाज एवं बीना जैन समाज व अन्य जनो ने मुझे यहां बुलाया और मेरा साथ देने का वचन दिया है। वहीं उन्होंने मांग की है कि इस पूरे मामले की पुलिस निष्पक्ष जांच कर कानूनी कार्रवाई करे। इस अवसर पर सुनील जैन, अशोक जैन, आलोक जैन, राकेश जैन, राजेश जैन, विकाश जैन, इंद्रा जैन, सपना जैन सहित बड़ी संख्या में जैन समाज के लोग मौजूद रहे।

### इनका कहना

विरोधियों के साथ मिलकर मुझे बदनाम करने का प्रयास - वहीं सभी आरोपों को नकारते हुए राजीव जैन ने उच्च न्यायालय का हवाला देते हुए कहा कि मेरा विवाह अर्चना जैन के साथ करीब 27 वर्ष पूर्व हुआ था। हम दोनों के आपसी विचार नही मिलने के कारण उच्च न्यायालय ग्वालियर में मेरे द्वारा अर्चना जैन को 10 लाख रूपये देकर मेरा राजीनामा हुआ है। लगभग 25 वर्षो से उच्च न्यायालय के आदेश अनुसार हम दोनो अलग अलग रह रहें हैं। अर्चना जैन की जो पुत्री है वह अब बालिक हो गई है उसे विधि अनुसार भरण पोषण लेना का मुझसे कोई अधिकारी नही है। मेरे विरोधियो से मिलकर मां और बेटी मुझे बदनाम कर रही है। मुझे मानसिक रूप से प्रताडित करने का काम कर रहें है। जिसके लिए में उच्च न्यायाल के शरण में जाने के लिए बाध्य हूं।

**राजीव जैन**
**सैनानी सिरोंज**

ज्ञापन प्राप्त हुआ है जिसकी नियम अनुसार जांच पड़ताल कर कार्रवाई करेंगे।

**संदीप कुमार**
**पवार थाना प्रभारी सिरोंज**

# विजयपुर में एक दिवसीय दौरे पर पहुंचे मध्य प्रदेश शासन के कैबिनेट मंत्री रामनिवास रावत

### भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ बैठक के बाद शिक्षक सम्मेलन में दी शिरकत





दिलीप कुशवाह

**विजयपुर (चम्बल नवराष्ट्र)।** विजयपुर विधानसभा क्षेत्र में उपचुनाव की तैयारी को लेकर भाजपा अब सकते में है विजयपुर में एक दिवसीय दौरे पर मध्यप्रदेश शासन के कैबिनेट वन एवं पर्यावरण मंत्री रामनिवास रावत भी पहुँचे है साथ ही उनके साथ विजयपुर विधानसभा उपचुनाव के भाजपा से सहप्रभारी नरेंद्र बिरथरे भी पहुंचे उन्होंने विजयपुर के ग्राम गढ़ी में बूथ शक्ति केंद्र की मीटिंग में शिरकत देखकर आगामी विधानसभा उपचुनाव को लेकर महत्वपूर्ण विषय पर चर्चा की है उन्होंने बताया विजयपुर में होने जा रहे विधानसभा के उप चुनाव को लेकर भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता चुनाव में अपनी ताकत झोंक देगा इसी के साथ ही विजयपुर में पहुंचे मध्य प्रदेश शासन के कैबिनेट मंत्री रामनिवास रावत का भाजपा कार्यकर्ताओं ने जोरदार स्वागत भी किया है

**शिक्षक सम्मेलन में भी लिया कैबिनेट मंत्री ने भाग**-रविवार की दोपहर विजयपुर में आयोजित शिक्षक सम्मेलन में मध्य प्रदेश शासन के कैबिनेट वन एवं पर्यावरण मंत्री रामनिवास रावत ने शिक्षकों से भेटकर शिक्षा मे गुणवता लाने के लिए मिलकर सहयोग की अपेक्षा की है साथ ही शिक्षा की दिशा में मिलकर कदम बढ़ाने का संकल्प भी लिया है विजयपुर में आयोजित शिक्षक सम्मेलन में शिक्षा के विभिन्न पहलुओं पर विचार-विमर्श भी किया गया इसी के साथ ही सभी शिक्षकों के द्वारा कैबिनेट मंत्री रामनिवास रावत का आत्मीय स्वागत सम्मान भी किया गया है इस मौके पर विजयपुर विकास खंड शिक्षा अधिकारी हरिशंकर गर्ग, शिक्षक सोवरन सिंह जादौन, शिक्षक मोहर लाल रावत, शिक्षक धर्मेंद्र कुशवाह, बीआरसीसी केपी अर्गल, शिक्षक डी एल कुशवाह, शिक्षक दिनेश शर्मा, शैलेंद्र श्रीवास्तव, सत्यनारायण शर्मा, श्रीलाल श्रीवास, पवन शर्मा, बटी रावत, जंडेल सिंह रावत, मनोज शर्मा, दर्शन शाक्य सहित सैकड़ों संघ के शिक्षक उपस्थित हुए।

दैनिक चम्बल नवराष्ट्र

भोपाल, सोमवार 29 जुलाई 2024



# मुंगावली में वर्षायोग कलश स्थापना में आए धनकुबेर, गुप्त दान कर लिया प्रथम कलश का सौभाग्य

**मुंगावली (चम्बल नवराष्ट्र)।** मुंगावली नगर गौरव मुनि श्री सौम्यसागर महाराज ससंघ का मंगल कलश स्थापना समारोह रविवार को धूमधाम के साथ मनाया गया। नगर के सुधा सागर भवन में आयोजित कार्यक्रम में मंगल कलश स्थापना की बोली में अभी तक की सबसे बड़ी बोली लगाई गई। खचाखच भरे प्रांगण में ऐसा प्रतीत हुआ मानो स्वर्ग से धन कुबेर प्रथम कलश की बोली का सौभाग्य प्राप्त करने पधारें हों। समारोह में प्रथम कलश का सौभाग्य 151 कलश के साथ गुप्त रूप से बोली लगाने वाले धर्मावलंबी को प्राप्त हुआ। नगर के इतिहास में प्रथम बार प्रथम कलश के लिए इतनी बड़ी बोली लगाई गई। वही द्वितीय मंगल कलश की बोली 108 कलश के रूप में लगी जिसका सौभाग्य नगर की समस्त महिला संगठन को मिला। तृतीय मंगल कलश की बोली 51 कलश के रूप में गुजरात के गांधीधाम निवासी गोंदिया परिवार ने ली। चतुर्थ मंगल कलश नगर के चांदमल मुकेश कुमार सर्राफ परिवार, पंचम मंगल कलश अनिल कुमार आकाश कुमार अन्नू स्टोर परिवार को मिला। इसके अलावा एक बड़े कलश लेने का सौभाग्य स्वर्गीय सुभाष चंद्र मोदी के पुत्र मनीष मोदी,रितेश मोदी,राहुल मोदी को मिला।

इससे पहले सुबह स्टेशन रोड स्थित श्री चंद्र प्रभु जिनालय पर पूज्य मुनि श्री सौम्य सागर जी महाराज के मुखारबिंद से शांतिधारा की गई और दोपहर में एक भव्य कलश शोभायात्रा निकाली गई जो नगर के प्रमुख मार्गो से होती हुई बापिस कार्यक्रम स्थल पर पहुंची जहां चातुर्मास कलश स्थापना कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में शामिल होने के लिए अशोकनगर, गुना, बहादुरपुर, सागर, खुरई,भोपाल,टीकमगढ़, जतारा सहित महाराष्ट्र के जिंतुर और राजस्थान सहित पूरे देश से श्रद्धालु मुंगावली पहुंचे। जिनका स्वागत सम्मान किया गया। कार्यक्रम का संचालन ब्रह्मचारी अशोक भैया द्वारा किया गया।

## रिमझिम बारिश के बीच धूमधाम से मनाया गया कलश स्थापना समारोह





## आचार्य भगवंत का सपना पूरा करना भक्तों का कर्तव्य- मुनि सौम्य सागर

कलश स्थापना कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुनि श्री सौम्य सागर महाराज ने कहा की यहाँ पिछले 11 साल से मंदिर का काम रुका है और यह काम आचार्य श्री विद्यासागर महाराज के मंगल आशीर्वाद से हो रहा था जिसमे निर्यापक मुनि श्री सुधा सागर जी महाराज के मार्गदर्शन में किया जाना था मगर यह काम चालू नही हो पा रहा था आचार्य भगवंत के सपने को पूरा करने का काम भक्तों का होता है। आज जो नामचीन है वह नाम चीनते रह जाएंगे, क्योंकि यहां ऐसे दान दातार है जो राशि तो देते है मगर वह अपना नाम नहीं चाहते हैं आप सभी सोच रहे होगे की यह पहला कलश किसने लिया है वह आपके नगर में ही है। हम लोग केवल गुरु द्वारा बताए गए मार्ग के बारे में आपको बता सकते है मगर उनके सपने को सच करना आप भक्तो का काम होता है जिसे अब सच करना है अब कल से काम पर लगना और गुरुजी के सपने को जल्द साकार करना है। आज लोगो की एक ही भावना है की मंदिर निर्माण जल्द पूरा हो वही कलश स्थापना पर निर्यापक मुनि श्री सुधा सागर जी महराज के जो आशीर्वाद दिया की यह कलश स्थापना मंगलमय हो उनके मंगल आशीर्वाद से देखा सम्पन हुआ।

# पार्श्व जैन मिलन की मासिक बैठक एवं वृक्षारोपण




**अशोकनगर( चम्बल नवराष्ट्र)।** पार्श्व जैन मिलन अशोकनगर की माह जुलाई की मासिक बैठक का आयोजन ग्राम आंवली में वीर संजीव मनीष जैन के फार्म हाउस पर की गई जिसमें पार्श्व जैन मिलन के कोर ग्रुप के सभी सदस्य उपस्थित रहे बैठक की अध्यक्षता वीर धीरेन्द्र द्वारा की गई तथा बैठक का संचालन शाखा मंत्री वीर नीरज जैन तार ई द्वारा किया गया बैठक में अतिवीर नरेश चंद्र जैन राष्ट्रीय संयुक्त मंत्री द्वारा पर्यावरण के प्रति हम सबका समर्पण रहना क्यों आवश्यक है विस्तार से बताया उन्होंने कहा कि हम सब एक पौधा मां के नाम जरूर लगाएं तथा उसकी देख रेख करें शाखा अध्यक्ष ने दो अगस्त को क्षेत्रीय कार्यकारणी बैठक जो खंदारगिरी चंदेरी में होने जा रही है उसमें भाग लेने का सबसे अनुरोध किया ओर स्वीकृति प्राप्त की बैठक के प्रारंभ में ओर अंत में नो वार णमोकार मंत्र का पाठ किया गया बैठक में राष्ट्रीय संयोजक वीर प्रवीण जैन , जिला जोन प्रभारी अतिवीर सुयोग जैन पूर्व शाखा अध्यक्ष वीर राजेश जैन वीर विनोद जैन वीर राजू जी राजमल जैन क्षेत्रीय प्रवक्ता वीर गोरव जैन वीर मनीष जैन वीर संजीव जैन उपस्थित रहे।

## जमीन का फर्जी मालिक बनाया:आधार कार्ड भी नकली लगाया, 5 लाख हड़पे; 6लोगों पर एफआईआर

**अशोकनगर।** शाढ़ौरा थाना क्षेत्र के नगऊखेडी गांव की 5 बीघा जमीन के फर्जी मालिक बनकर एग्रीमेंट करने के मामले में पुलिस ने 6 लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। आरोपियों ने जमीन का मालिक भी फर्जी बनवाया। साथ ही आधार कार्ड नकली बनवाया और खरीददार से ढाई लाख रुपए का चैक और ढाई लाख नगद रुपए लेकर हड़प लिए। फरियादी प्रमोद कुमार जैन निवासी अशोकनगर ने थाने में शिकायत दर्ज कराते हुए बताया कि 10 अक्टूबर 2021 में उसके संपर्क में राजाराम अहिरवार निवासी शाढ़ौरा और रामकुमार यादव निवासी खैराभान ब्रोकर बनकर आए और आकर पांच बीघा जमीन गिरवी रखवाने की बात की। जिसके बाद उन्होंने बताया कि शिवराज अहिरवार की नगऊखेड़ी गांव के पास 5 बीघा जमीन है। जब खरीदार को जमीन दिखाने के लिए ले गए तो जमीन का मालिक पूरन अहिरवार निवासी शिवपुरी को बताकर खड़ा कर दिया।

# 350 से अधिक प्रतिभाओं का हुआ सम्मान

## सर्व ब्राह्मण महापंचायत ट्रस्ट ने किया आयोजन



**अशोकनगर (चम्बल नवराष्ट्र)।** सर्व ब्राह्मण महापंचायत ट्रस्ट द्वारा रविवार को स्थानीय ब्राह्मण समाज धर्मशाला में प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह के दौरान कक्षा 10 और 12 में 70 प्रतिशत से अधिक अंक लाने वाले जिलेभर के तकरीबन 350 से अधिक ब्राह्मण छात्र छात्राओं और अलग-अलग क्षेत्रों में उपलब्धि हासिल करने बाली प्रतिभाओं का सम्मान किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में 1008 श्री महामंडलेश्वर राम गोपाल दास महाराज मल्हारगढ़ वाले, श्री श्री प्रभुतानंद महाराज चित्रकूट वाले विशेष रूप से उपस्थित रहे। साथ ही विशिष्ट अतिथि के रूप में जिलाधीश सुभाष कुमार द्विवेदी की पत्नि श्रीमती स्वाति द्विवेदी उपस्थित रहीं। कार्यक्रम में जिला शिक्षा अधिकारी नीरज शुक्ला,तहसीलदार दीपक शुक्ला,मयंक तिवारी, नायब तहसीलदार घनश्याम शर्मा , जिला होमघाट कामडेंट राघवेन्द्र शर्मा, नापतौल अधिकारी एसके शर्मा, एसडीओपी विवेक शर्मा, महिला थाना प्रभारी ओमप्रकाश मिश्रा, शिवकुमार शर्मा मंडी सचिव, राजेश शर्मा बीईओ चंदेरी, किरण शर्मा, सर्व ब्राह्मण महापंचायत ट्रस्ट के अध्यक्ष ओमप्रकाश चौधरी सहित अन्य अतिथि विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम की विधिवत शुरुआत भगवान परशुराम के पूजन और स्वस्ति वाचन के साथ की गई। स्वागत भाषण में डॉ दीपक मिश्रा ने सभी का स्वागत करते हुए संकल्प दिलवाया कि हिंदू संस्कृति की रक्षा करेंगे, पेड़ पौधों की रक्षा करेंगे, नशा नहीं करेंगे और ना ही करने देंगे, पाश्चात्य का बहिष्कार करेंगे।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि स्वाति दिवेदी ने भजन गाया उन्होंने कहा कि बच्चे मन के सच्चे होते हैं। समाज नर सेवा नारायण सेवा को आदर्श मानकर काम करती है। कार्यक्रम के अंत में अध्यक्ष ओमप्रकाश चौधरी द्वारा ट्रस्ट की रूप रेखा रखी और समाज का धन्यवाद ज्ञापित किया और सहयोग का आह्वान किया।

## माता-पिता के झगड़े में बेटी घायल:शराब के नशे में पिता ने लोहे का तवा सिर में मार दिया

**अशोकनगर।** अशोकनगर की कयाल हॉस्पिटल के पास रहने वाला एक युवक शराब के नशे में अपनी पत्नी से विवाद कर रहा था। इसी दौरान दोनों के बीच मारपीट होने लगी। तभी 13 साल की बेटी बीच-बचाव करने लगी, तभी पिता ने लोहे का तवा महिला में दिया जो लड़की के सर में लग गया जिससे उसके सर में चोट आई है। घायल हुई लड़की का नाम राधिका अहिरवार (13) साल है। लोहे का तवा उसी के पिता रामकृष्ण अहिरवार ने मारा है। घायल किशोरी ने बताया कि उसके पिता शराब पीकर विवाद करते हैं। शनिवार शाम को भी शराब के नशे में विवाद करना लगा। मामूली झगड़ा इतना बढ़ा की मारपीट में बदल गया। घटना की जानकारी देहात थाना पुलिस को दी, पुलिस मौके पर पहुंची और घायल किशोरी को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया।

# ग्राम पंचायतों की हकीकत के आगे शर्मसार हुए शासन के विकास के दावे

## पिपरई तहसील की ग्राम पंचायत बांसखेड़ी के पेऊढाना गांव में शासन नहीं बनवा सका मुक्तिधाम

### बारिश में तिरपाल डालकर किया बुजुर्ग महिला का अंतिम संस्कार

राहुल जैन

**अशोकनगर (चम्बल नवराष्ट्र)।** 15 अगस्त को भारत गणराज्य आजादी की 78वीं सालगिरह मनाने जा रहा है। इन 77 वर्षों में देश में सब कुछ बदल गया हो लेकिन ग्रामीण क्षेत्रों में हालात आज भी जस के तस हैं। शासन प्रशासन के विकास के दावों के बीच जिले की पिपरई तहसील की बांसखेड़ी ग्राम पंचायत से एक ऐसा मामला सामने आया है जिसने प्रशासन के सारे दावों की पोल खोलकर रख दी है।पिपरई तहसील से लगभग आठ किमी दूरी पर स्थित ग्राम पेऊढाना में शासन प्रशासन आज तक मुक्तिधाम नहीं बनवा पाया है। शासन द्वारा वर्षो पहले इस गांव में मुक्तिधाम बनवाने के



लिए राशि तो स्वीकृत की थी लेकिन ग्राम पंचायत की लापरवाही या भ्रष्टाखोरी की वजह से मुक्तिधाम आज भी अपूर्ण अवस्था में खड़ा हुआ है। बारिश के मौसम में यदि गांव में किसी भी व्यक्ति की मृत्यु हो जाती है तो बदनसीबी से उसे मरने के बाद भी छत नसीब नहीं हो पाती। शव का अंतिम



संस्कार करने के लिए ग्रामीणों को मजबूरी में प्लास्टिक की तिरपाल का सहारा लेना पड़ता है। विकासशील देशों की गिनती में आने के बाद भी हमारे देश में ऐसे हालात शासन प्रशासन की नाकामियों को साफ तौर पर उजागर करते हैं।

रविवार को ऐसा ही मामला फिर सामने आया जब गांव की एक 90 वर्षीय बुजुर्ग महिला की मौत हो गई। जब अंतिम संस्कार का समय आया तो तेज बारिश होने लगी। तेज बारिश के बीच ग्रामीणों ने अपना परम्परागत तरीका अपनाते हुए तिरपाल के सहारे बुजुर्ग महिला का दाह संस्कार किया। मृतका के पोते गोलू कटारिया ने बताया शनिवार शाम को दादी की मृत्यु हो गई थी। रविवार को जब दादी का अंतिम संस्कार करने सभी लोग जाने लगे तो अचानक बारिश शुरू हो गई। चूंकि गांव में अंतिम संस्कार करने के लिए मुक्तिधाम और टीनशेड की व्यवस्था नहीं थी इसलिए मजबूरी में तिरपाल डालकर मुश्किलों से अंतिम संस्कार किया गया। उन्होंने बताया कि बारिश में हर वर्ष इसी तरह की दिक्कतों का सामना करना पड़ता है।

### जिले में ऐसे कई गांव, जहां नहीं बने मुक्तिधाम

बांसखेड़ी ही नहीं जिले में ऐसी कई पंचायतें और गांव हैं जहां दाह संस्कार के लिए शमशान की व्यवस्था नहीं है। मुक्तिधाम एवं तीनशेड नहीं होने से ग्रामीणों को मजबूरीवश तिरपाल तानकर दाह संस्कार करना पड़ता है। कई गांवों में तो शमशान की भूमि पर दबंगों ने कब्जा कर रखा है। जिससे वहां मुक्तिधाम बनने का रास्ता साफ नहीं हो पा रहा। वहीं कई जगह शमशान तक जाने के लिए रास्ता भी नहीं बना है। ग्रामीणों को ऊबड़ खाबड़ एवं कीचड़ से भरे रास्तों से होकर शमशान तक पहुंचना पड़ता है। शासन को ऐसे कई गांवों को चिन्हित कर मुक्तिधाम बनवाने के प्रयास करना चाहिए ताकि मरने के बाद अंतिम संस्कार की क्रिया आसानी से संपन्न की जा सके।

# प्रदेश के पूर्व गृहमंत्री डॉ नरोत्तम मिश्रा ने दतिया को 6 करोड़ रुपये की रोड़ों की सौगात दी

## पूर्व गृहमंत्री डॉ नरोत्तम मिश्रा रोड़ो के भूमिपूजन कार्यक्रम में हुए शामिल



**दतिया ( चम्बल नवराष्ट्र )।** मध्य प्रदेश शासन के पूर्व गृहमंत्री डॉ नरोत्तम मिश्रा दतिया पहुंचे जहां पर उन्होंने माई कृपा निवास पर उपस्थित आम नागरिकों से मुलाकात की इसके पश्चात पूर्व गृहमंत्री डॉ नरोत्तम मिश्रा वृंदावन धाम में दतिया नगर पालिका के द्वारा आयोजित मुख्यमंत्री अधो संरचना के तहत 6 करोड रुपए की लागत से दतिया नगर की वार्डों में बनने वाली रोड़ो के भूमि पूजन कार्यक्रम में शामिल हुए पूर्व गृहमंत्री डॉ नरोत्तम मिश्रा ने उपस्थित नागरिकों को संबोधित करते हुए कहा मध्य प्रदेश की सरकार निरंतर विकास की ओर प्रदेश के सभी जिलों को आगे ले जा रही है प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने नगर पालिका और नगर पंचायत में विकास के लिए बहुत सारी राशि भेज रहे हैं जिससे नगरो निवास रथ नागरिकों को अच्छी से अच्छी रोड मिले केंद्र और प्रदेश सरकार मिलकर प्रदेश के सभी जिलों का विकास कर रहे हैं प्रधानमंत्री आवास योजना मातृ वंदना योजना लाडली बहन योजना लाड़ली लक्ष्मी योजना किसान सम्मन निधि निशुल्क राशन वितरण उज्वला योजना जैसी बहुतकारी लाभकारी योजनाएं चलाई जा रही है जिससे आम नागरिकों को बड़ा लाभ हो रहा है अपना मध्य प्रदेश विकास के मामले में आगे बढ़ रहा है इस मौके पर डॉ रामजी खरे सुरेंद्र बुधोलिया विपिन गोस्वामी प्रशांत ढेगुला योगेश सक्सैना गोविंद ज्ञानानी अतुल भूरे चौधरी महेश गुलवानी दीपक सोनी गुड्डी साहू बृजेश यादव अक्कू दुबे रिंकू दुबे जोली शुक्ला कानू तिवारी सेठी मुकेश यादव जीतू कमरिया सतीश यादव कल्लू कुशवाहा मानसिंह कुशवाहा परशुराम अहिरवार किरण टिलवानी कुंदन प्रजापति तारीख किलेदार बृजेश दुबे अमर सिंह लोधी नगर पालिका सीएमओ विनय भट्ट नगर पालिका स्वच्छता निरीक्षक अनुपम पाठक सहित बड़ी संख्या में नगरवासी कार्यक्रम स्थल पर मौजूद रहे।

# डॉ हेमंत जैन के द्वारा इस वर्ष का सातवां नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर संपन्न

## स्वस्थ रहने के लिए नियमित व्यायाम आवश्यक - डॉ हेमंत जैन



**दतिया ( चम्बल नवराष्ट्र )।** डॉ हेमंत जैन के निजी परामर्श केंद्र पर इस वर्ष का सातवां निशुल्क परामर्श शिविर का आयोजन किया गया जिसमें 45 मरीजों ने स्वास्थ्य लाभ उठाया । इस दौरान मरीजों को उचित खानपान और व्यायाम करने की सलाह दी गयी।

डॉ हेमंत जैन के अनुसार स्वस्थ रहने के लिए हमें प्रतिदिन कम से कम 10000 कदम पैदल चलना चाहिए , दिन में 3 लीटर पानी पीना चाहिए , शरीर का बजन कम रखना चाहिए , धूम्रपान और शराब का सेवन नहीं करना चाहिए ।मधुमेह के मरीजों को हाई ग्लिसेमिक इंडेक्स वाले खाद्य पदार्थो जैसे शक्कर , गुड़ , शहद , आलू , चावल , मैदा और फलों के रसों का सेवन नहीं करना चाहिए। हाई बीपी वाले मरीजों को खाने में नमक कम खाना चाहिए। मधुमेह के मरीजों को आप कोलोस्ट्रोल भी नियंत्रण में रखना चाहिए। अगला निशुल्क स्वास्थ्य शिविर अगस्त माह में 25 तारीख को लगाया जायेगा।

# अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति अधिकारी, कार्मचारियों की समस्याओं को लेकर मुख्यमंत्री के नाम आजाक्स संघ ने ज्ञापन सौपा



**दतिया।** अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति अधिकारी, कार्मचारियों की समस्याओं को लेकर अजाक्स संघ ने दतिया जिले के तीनों विकास खण्ड़ो में मुख्य मंत्री के नाम ज्ञापन सौपे गयें इसी क्रम में दतिया विकास खण्ड में अजाक्स के सभी पदाधिकारी एवं सदस्य सीतासागर पर उपस्थित होकर धरना दिया इसके बाद ब्लॉक अध्यक्ष राम सेबक भारती के नेतृव्व में सभी लोगो ने मुख्य मंत्री के नाम तहसीलदार महोदय को ज्ञापन सौपा यह जानकारी अजाक्स संघ के जिला प्रवक्ता परमांद दाण्डे प्रेस विज्ञपती में दी उन्होंने अपनी प्रेस विज्ञपती में बताया यदि सरकार ने हमारी मागें नहीं मानी तो हम सभी अजाक्स के सदस्य अपने पूरे परिवार के साथ राजधानी भोपाल में धरना देगें आज के ज्ञापन कार्यक्रम में मुख्य रूप से बाबूलाल जाटव, हेमन्त भोज, विपतीराम शक्य, संतोष गौतम, पातीराम पटवा, मुकेश गौतम, मनीष शक्य, गीता अहिरवार, अर्चना जाटव, छिदामीलाल शक्य, गुलाब सिंह जाटव, सिद्धार्थ गौतम, अनिल टुप्पों, जूनस एक्का, फुल्ल सिंह गौतम, योगेन्द्र अहिरवार, मूलचन्द्र बालमीक आदि उपस्थित रहें।

## मच्छरों से बचाव के लिए हम घर के अंदर व बाहर पानी को एकत्रित ना होने दे

**दतिया।** मलेरिया टीम द्वारा डेंगू निरोधक गतिविधियां संचालित की जा रही हैं। आमजन के लिए भी एडवाइजरी जारी की गई है, जिसमें पांच उपायों को अपनाकर सहयोग मांगा गया है। एडवाइजरी में कहा गया है कि घर के अंदर और बाहर दोनों जगह पानी जमा ना होने दें, पालतू जानवर को पानी पिलाने वाले पात्र को साफ रखें। पानी की टंकी को अच्छी तरह ढंक कर रखें, कूलर और पानी की टंकी में जमा पानी में हफ्ते में एक दिन पेट्रोल या मिट्टी का तेल डालें। फ्रिज के नीचे रखी हुई पानी की ट्रे को रोजाना खाली करें। इन 5 उपायों को अपनाकर हम काफी हद तक डेंगू के मच्छरों को पनपने से रोक सकते हैं। मच्छरों की उत्पत्ति को रोकने के लिए गंदे पानी में जला हुआ इंजन ऑयल का उपयोग कर सकते हैं तो साफ पानी के लिए सरसों का तेल उपयोग में ला सकते हैं। डेंगू होने पर तेज बुखार, सिर, आंखों, कंधे व जोड़ों में दर्द, भूख कम लगना व चक्कर आना, खाने का स्वाद ना आना, छाती के ऊपरी हिस्से पर दानें निकलना आदि संकेत मिलते हैं।

# राजनीति में समाज हो ऐ ध्येय होना चाहिए समाज में राजनीति करने वाले लोगों से दूर रहना चाहिए- अभय

## गहोई सेना द्वारा राष्ट्रकवि मैथिलीशरण गुप्त जयंती पर 2 दिवसीय कार्यक्रम होना तय



**दतिया ( चम्बल नवराष्ट्र )।** युवा गहोई सेना दतिया के द्वारा राष्ट्रकवि मैथिलीशरण गुप्त जयंती के उपलक्ष्य में महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन जिला संयोजक कौस्तुभ गेड़ा व समाजसेवी व युवा गहोई सेना के संस्थापक अभय गुप्ता नेताजी के नेतृत्व में गहोई वाटिका दतिया में आयोजित की गई और बैठक में सर्वप्रथम सभी ने राष्ट्रकवि दद्दा जी के चित्र पर तिलक लगाकर एवं पुष्प अर्पित कर याद किया। तथा राष्ट्रकवि मैथिलीशरण गुप्त जयंती के अवसर पर 2 दिवसीय कार्यक्रम होने पर सहमति बनी 2 अगस्त को राष्ट्रकवि मैथिलीशरण गुप्त जानो प्रतियोगिता व 3 अगस्त को राष्ट्रकवि मैथिलीशरण गुप्त जी के चित्र पर माल्यार्पण कार्यक्रम व सम्मान समारोह कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा तथा पूर्व मे घटित घटनाओ और मासिक बैठको पर विस्तार से चर्चा की गई अनेक कार्यक्रम से जुड़े मुद्दों पर चर्चा हुई व सभी ने अपने अपने विचार व्यक्त किए तथा बैठक को संबोधित करते हुए समाजसेवी अभय गुप्ता नेताजी ने कहा कि राजनीति मे गहोई समाज हो ऐ ध्येय होना चाहिए समाज मे राजनीति करने वाले लोगो से दूर होना चाहिए और संगठन का आशय जोड़ना है,समाज और युवाओ को वही व्यक्ति या संगठन जोड़ सकता है जिसमें नम्रता का भाव हो हम सभी को किसी के भयकावे मे नही आना हम सब को एकजुट होकर रहना व कार्य करना है तथा अपनी ऊर्जा को सामाजिक समरसता की ओर ले जाना है और घमंड व अंहकार से दूर रहना इस अवसर पर निहाल नगरिया,देव गुप्ता ,मुदित गुप्ता,अभिनव सिजरिया, भविष्य गुप्ता,मनीष गुप्ता,अभिषेक गंधी,राज सेठ,अभिषेक मलैया,आयुष गंधी, उत्सव गहोई, अमन नगरिया,रामू रावत, आदित्य कटारे, करन जौहर गुप्ता,नीरज गुप्ता ,शिवम चौधरी, आशीष गुप्ता,यश गुप्ता,सुमित गुप्ता, अभय आदि युवा अधिक संख्या में उपस्थित रहे।

# एक पौधा मां के नाम अभियान में सहभागिता कर अधिक से अधिक पौधों का करें रोपण- सुशील वरुआ

## प्रत्येक व्यक्ति को अपने आसपास हरा भरा वातावरण बनाए रखना चाहिए - मुनेंद्र सेजवार



**दतिया ( चम्बल नवराष्ट्र )।** बाल प्रगति शिक्षण संस्थान (नवांकुर संस्था) के तत्वाधान में एक पौधा मां के नाम अभियान के अंतर्गत पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन पुलिस लाइन दतिया में किया गया। कार्यक्रम की रूपरेखा एवं अतिथियों का स्वागत संस्थान के संचालक सुदीप तिवारी ने किया।

इस दौरान मुख्य अतिथि के रूप में मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद ग्वालियर-चंबल संभाग समन्वयक जन अभियान परिषद सुशील वरुआ उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद, दतिया के जिला समन्वयक मुनेंद्र सेजवार ने की। इस दौरान बाल प्रगति संस्थान द्वारा पधारे हुए अतिथियों से 11 पौधों का रोपण कराया गया। जिसमें नीम, आम, जामुन आदि पौधरोपण हुआ। इस दौरान मुख्य अतिथि सुशील बरुआ ने कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए बताया कि अधिक से अधिक संख्या में लोग एक पौधा मां के नाम अभियान में सहभागिता कर पौधों का रोपण करें जिससे हमारी धरती हरी भरी हो सके। उन्होंने कहा कि पर्यावरण का संरक्षण व संवर्धन हमारी सामाजिक राष्ट्रीय व नैतिक जिम्मेदारी है हमें पर्यावरण का दोहन करने से बचना होगा। व दूसरों को भी वृक्ष लगाने व पर्यावरण की रक्षा करने हेतु प्रेरित करना होगा।

इस दौरान मुनेंद्र सेजवार ने बताया की प्रत्येक व्यक्ति को अपने आसपास हरा भरा वातावरण बनाए रखना चाहिए एवं प्रकृति के प्रति सदैव कृतज्ञ होकर इसकी रक्षा के लिए जागरूक रहना चाहिए।इस दौरान संस्था संचालक सुदीप तिवारी ने जानकारी देते हुए कहा की ने कहा कि पेड़-पौधों के कारण आज मनुष्य जीवित है। यदि पेड़-पौधे नहीं होंगे तो मनुष्य का जीवन संभव नहीं है। पेड़ पौधे सदियों तक सभी को जीवन के रूप में ऑक्सीजन देते रहेंगे। उन्होंने लोगों से आह्वान किया कि वे हर माह में एक पौधा जरूर लगाएं।

कार्यक्रम के अंत में मुख्य अतिथि सुशील बरुआ को संस्थान के संचालक सुदीप तिवारी द्वारा शॉल श्रीफल एवं पुष्पमाला भेंटकर सम्मानित किया गया। इस दौरान चंद्रकांत तिवारी, कौशल पाठक, इरशाद खान, रमेश यादव, ज्ञान सिंह अहिरवार, प्रभुदयाल विश्वकर्मा, नरेश जाटव, दीनदयाल शर्मा आदि लोग उपस्थित रहे।

# डकैती के मामले फरार चल रहे आरोपी को थाना कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा जेल




**दतिया।** पुलिस अधीक्षक दतिया वीरेन्द्र कुमार मिश्रा' एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुनील कुमार शिवहरे' व 'एसडीओपी दतिया प्रियंका मिश्रा' के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी कोतवाली द्वारा गठित टीम ने अपराध क्र. 439ध्24 धारा 365, 147, 148, 149, '323, 294, 506 ताहि, 11/13 एमपीडीपीके एक्ट में फरार आरोपी करन पुत्र रमेश कुशवाहा उम्र 24 वर्ष निवासी दतिया को दिनाँक 27.07.24 को देव ढाबा के 'पास ग्वालियर हाईवे रोड दतिया से गिरफ्तार' कर आरोपी को न्यायालय दतिया पेश किया गया बाद न्यायालय के आदेश से आरोपी 'को दतिया जेल' दाखिल किया गया है।उपरोक्त कार्यवाही मेंदृ 'निरीक्षक धीरेन्द्र मिश्रा, उनि सुदामा प्रसाद साहू,' आर. 296 रविन्द्र यादव, आर. 698 रविन्द्र यादव, आर. 607 हेमंत प्रजापति, आर. '765 देवेश शर्मा की सराहनीय भूमिका रही।

# कुलसचिव ने ट्रांसफर करवाने के लिए लिखा पत्र पुनःइंदौर जाने की मांग

## कौन बनेगा विक्रम विश्वविद्यालय का नया कुलसचिव

रविन्द्र राणावत

उज्जैन (चम्बल नवराष्ट्र)। विक्रम विश्वविद्यालय उज्जैन में पदस्थ वर्तमान कुल सचिव अनिल शर्मा ने शासन को लिखा एक पत्र और कहा कि मैं विक्रम विश्वविद्यालय के कुलसचिव के पद पर यह कार्य करने में परिवार के कारण असमर्थ हूं । क्योंकि मेरे परिवार इंदौर में है और मुझे उनकी देखभाल के लिए पुनः इंदौर स्थानांतरण किया जाए ताकि मैं परिवार को लालन-पालन कर सकूं सूत्रों से प्राप्त जानकारी में यह जानकारी हमें प्राप्त हुई है लेकिन एक बड़ी बात यह भी है कि क्या विक्रम विश्वविद्यालय में सूत्रों का कहना है कि पूर्व में रहे कुलसचिव या सचिन राय है वह रजिस्टर या कुलसचिव बनाकर विक्रम विश्वविद्यालय में आ सकते हैं। विक्रम विश्वविद्यालय के कुलसचिव पर लोकायुक्त की जांच बैठ जाने से 13 अप्रैल को ताबड़तोड़ ट्रांसफर हो गया। छात्र नेता बबलू खिंची ने बताया कि राज्यपाल के आदेशानुसार उच्च शिक्षा विभाग ने 28 दिसंबर 2022 को ही तत्काल प्रभाव से प्रशांत पौराणिक को स्थानांतरित कर दिया था लेकिन सत्ता के दबाव में डॉ. प्रशांत पौराणिक ने कुलसचिव का पद नही छोड़ा। पूर्व कुलसचिव डॉ. पौराणिक के क्यान आर्थिक अपराध शाखा एवम लोकायुक्त ने ले लिए है लेकिन सब की नज़र फर्जी कर्मचारी डॉ. सचिन रॉय पर है। 2007 में 51 लोगो की फर्जी भर्ती पूर्व कुलसचिन डॉ.एम. के. राय ने अपने बेटे सचिन राय को घर बैठे असिस्टेंट प्रोफेसर की नोकरी दी थी। जिसके बाद 2010 में राजभवन ने इस भर्ती को स्थगित कर दिया था। लेकिन सचिन राय




हाइकोर्ट से स्टे ले आया। स्टे के दम पर सचिन राय की 13 साल की नोकरी चल रही है लेकिन भ्रष्ट कुलसचिव एवं कुलपति ने अपने चहेतों को फायदा पहुँचाने के लिए सचिन राय का प्रोमोशन करते हुए भारत अध्ययन केंद्र के नाम से विभाग खोलकर निदेशक का पद दे दिया। भारत अध्ययन केंद्र में पढ़ने वाले बच्चो की संख्या मात्र 10 एवम सालाना आय मात्र 1 लाख होने के बावजूद भ्रष्ट कुलपति डॉ. द्वारा भारत अध्ययन केंद्र में 22 को एक सेमिनार आयोजित किया गया था।सूत्रों के मुताबिक भारत अध्ययन केंद्र में सचिन राय ने अपने बेरोजगार मित्र (जो कि खुद को पत्रकार बताता है) को आर्थिक लाभ पहुँचाने के लिए उसकी एम.ए. पास पत्नी को बैकडोर एंट्री के माध्यम से 30 हजार मासिक वेतन पर विजिटिंग फैकल्टी की नोकरी पर रख लिया है। जिसमे पूर्व कुलसचिव प्रशांत पौराणिक की अहम भूमिका थी। पूर्व कुलसचिव के द्वारा अपने ब्लैकमेलर दोस्तों की पत्नियों को नोकरी देकर जो विश्वविद्यालय पर आर्थिक नुकसान हुआ है उसको लेकर एनएसयूआई ने 13 अप्रैल को अखिलेश कुमार पांडेय को महामहिम राज्यपाल महोदय के नाम ज्ञापन देकर तुरंत नियुक्तियां रद्द करने की मांग की है। अगर फर्जी विजिटिंग फेकल्टी की नियुक्तियां रद्द नही हुई तो इसकी शिकायत राष्ट्रपति भवन एवम आर्थिक अपराध शाखा को की जायेगी। महामहिम राज्यपाल महोदय के नाम बबलू खींची, दीपेश जैन के नेतृत्व में छात्र नेता संदीप पवांर, अखिलेश अस्तेय, द्वारा ज्ञापन दिया गया जिसमे, जितेंद्र चौधरी, बिट्टू चोकसे, एवम गौरव श्रीवास्तव, अर्जुन कुमावत, मोहित श्रीवास्तव, जयस जैन, जयंत सिंह ठाकुर, योगेश, नरेंद्र, संदीप झाला, विनय प्रताप, विशाल, आयुष, योगेश, आदि, शामिल थे। सूत्रों से पता चला है कि विक्रम विश्वविद्यालय के कुल सचिव अनिल शर्मा ने अपना ट्रांसफर करवाने के लिए शासन को एक लेटर लिखा है और उसमें कहा है कि परिवार के आर्थिक स्थिति ठीक नहीं होने से में विक्रम विश्वविद्यालय का कुलसचिव पद पर नहीं रह सकता हूं मुझे पुन: इंदौर भेजा जाए। सूत्रों का कहना यह भी है कि हमें यह जानकारी में आया है कि ऐसे व्यक्तियों के आने की संभावना है कि जिन पर जांच चल रही है वह कुलसचिव बनाकर ना आ जाए।

## बाबा महाकाल के दरबार में पहुंचे पीएम मोदी के छोटे भाई पंकज, भस्म आरती में हुए शामिल



उज्जैन (चम्बल नवराष्ट्र)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के छोटे भाई पंकज मोदी रविवार तड़के उज्जैन पहुंचे। यहां उन्होंने विश्व प्रसिद्ध ज्योतिर्लिंग भगवान महाकालेश्वर मंदिर पहुंच कर बाबा महाकाल के दर्शन किए।वे भगवान महाकाल की दिव्य भस्म आरती में शामिल हुए और पूजन-अभिषेक भी किया।

महाकालेश्वर मंदिर के पुजारी पंडित आशीष गुरु ने बताया कि पंकज मोदी रविवार तड़के भगवान महाकाल के दर्शन करने उज्जैन आए थे। यहां उन्होंने भस्म आरती में शामिल होकर भगवान का आशीर्वाद प्राप्त किया। श्रावण मास चल रहा है इसीलिए वे बाबा महाकाल का आशीर्वाद लेने यहां पहुंचे थे। महाकाल की भस्म आरती देखी। उन्होंने नंदी जी के कानों में अपनी मनोकामना कही। पूजन अर्चन के बाद मंदिर से रवाना हो गए।

## नागदा में मिला बुजुर्ग का शव,जांच में जुटी पुलिस



नागदा (चम्बल नवराष्ट्र)। नगर के सब्जी बाजार के पास कृष्णा जिनिंग में रविवार सुबह एक बुजुर्ग का शव मिला। स्थानीय व्यापारियों ने 100 डायल कर पुलिस को इसकी सूचना दी। सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। घटनास्थल के पास ही व्यापार करने वाले नरेंद्र जैन ने बताया कि बुजुर्ग को बाबू भाई के नाम से जानते थे। सुबह इन्हें मृत अवस्था में देखा तो पुलिस को सूचना दी। उन्होंने बताया कि बुजुर्ग बाबू भाई बैंड में काम करते थे। वहीं नागदा थाने के प्रधान आरक्षक सोमसिंह ने बताया कि बुजुर्ग की बेटी उज्जैन में रहती है। उन्हें घटना की जानकारी दी जा रही है, मामले की जांच चल रही है।

## बेहद खास होगी बाबा महाकाल की दूसरी सवारी, 350 पुलिस जवानों की स्पेशल बेंड करेगा परफॉर्म



उज्जैन (चम्बल नवराष्ट्र)। उज्जैन में फिर से बाबा महाकाल की सवारी निकलने वाली है। बाबा महाकाल की दूसरी सवारी सावन महीने के दूसरे सोमवार (29 जुलाई 2024) को निकलेगी इस बार यह सवारी बहुत ही खास होने वाली है क्योंकि इसमे पुलिस ब्रास बैंड के 350 नए ट्रेंड जवान ग्रैंड तरीके से बैंड परफॉर्म करेंगे। बाबा महाकाल की सवारी के दौरान जवान द्वारा किया जाने वाले ये बैंड प्रर्फॉर्म इस मौके का कई गुना ज्यादा उत्साह, उमंग और आकर्षण बढ़ा देगा।

जानकारी के अनुसार, मध्य प्रदेश की सभी पुलिस यूनिट में जवानों को बैंड परफॉर्मेंस की 6 महीने की ट्रेनिंग दी गई है। बाबा महाकाल की सवारी के अलावा पुलिस का यह बैंड क्षिप्रा तट पर भी पूजा के दौरान दत्त अखाड़ा घाट पर भी स्पेशल परफॉर्मेंस देगा। दरअसल, सीएम मोहन यादव ने पुलिस बैंड की महत्ता जोर देते हुए प्रदेश के सभी जिलों में पुलिस बैंड की स्थापना की है। इसके साथ ही इच्छुक पुलिसकर्मियों को ट्रेनिंग देकर उन्हें बैंड में शामिल होने के लिए प्रोत्साहित करने के निर्देश दिया गया था।

**15 अगस्त के तैयारियां शुरू-** बता दें कि आने वाले 15 अगस्त 2024 के राष्ट्रीय पर्व के लिए मध्य प्रदेश के सभी जिलों में पुलिस बैंड फोर्स स्थापित किए गए हैं। इसके लिए इस प्रदेश के कुल 340 पुलिस कर्मचारियों को ट्रेनिंग दी जा रही है। मालूम हो कि स्वर-मेघ कार्यक्रम में राज्य की पुलिस बैंड ने मनमोहक प्रस्तुति देकर सभी का दिल जीत लिया था। खुद सीएम मोहन यादव ने इस बैंड की काफी तारीफ की है।

## देवास में भीषण हादसा, सड़क पर खड़े ट्रक से भिड़ा दूसरा ट्रक, ड्राइवरों और क्लीनर की मौत

देवास (चम्बल नवराष्ट्र)। देवास में दो ट्रकों की आपस में जोरदार टक्कर हो गई। हादसा इतना भीषण था कि ट्रकों के ड्राइवरों और एक क्लीनर ने मौके पर ही दम तोड़ दिया । घटना देवास-भोपाल मार्ग पर स्थित खटाम्बा गांव में हुई है । सूचना पर पुलिस मौके पहुंची और शवों को मशक्कत के बाद वाहनों से निकाला। पुलिस ने तीनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेज दिया है और मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

### खड़े ट्रक में घुसा ट्रक

जानकारी के मुताबिक, शहर के बैंक नोट प्रेस थाना क्षेत्र के देवास-भोपाल मार्ग पर स्थित खटाम्बा गांव एक ट्रक सड़क पर खड़ा हुआ था। रविवार सुबह





लगभग 6 बजे तेज रफ्तार से आ रहे एक ट्रक ने खड़े ट्रक को टक्कर मार दी। हादसे में दोनों ट्रक ड्राइवरों और क्लीनर की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर बैंक नोट प्रेस थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और 4 घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद तीनों लोगों के शवों को बाहर निकाला और पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल पहुचाया। बताया जा रहा है कि ट्रक का ड्राइवर नींद में था, जिस वजह से उसे सड़क पर खड़ा ट्रक दिखाई नहीं दिया।

### 4 घंटे की मशक्कत के बाद निकाले जा सके शव

दरअसल शहर से लगे इंदौर भोपाल मार्ग के जामगोद में एक ट्रक खराब होने पर मेन रोड से थोड़े ही नीचे खड़ा था और उसका ड्राइवर ट्रक में ही सो रहा था। तभी पीछे से तेज गति से आ रहे अन्य ट्रक ने अनियंत्रित होकर जोरदार टक्कर मार दी जिससे दोनों ही ट्रकों के ड्राइवर व एक क्लीनर ट्रकों में फंस गए, जिन्हें पुलिस ने 4 घंटे की मशक्कत के बाद निकाला, तब तक तीनों की ही मौत हो गई थी। खड़े ट्रक के मालिक ने बताया कि, ट्रक खराब था इसलिए ड्राइवर ने सड़क किनारे खड़ा कर दिया था, वह सुबह ट्रक की मरम्मत कराने जाने वाला था, लेकिन उससे पहले ही यह हादसा हो गया और ड्राइवर की मौत हो गई।

## बालिका गृह से भागी नाबालिग लड़की, तलाश में जुटी पुलिस




उज्जैन(चम्बल नवराष्ट्र)। शहर के नागझिरी थाना क्षेत्र स्थित शासकीय बालिका गृह से रविवार सुबह एक नाबालिग लड़की फरार हो गई। बताया जा रहा है कि सुबह 10 बजे के करीब पानी के कैम्पर लेकर आई गाड़ी के लिए बालिका गृह के गोट खोले गए थे इसी दौरान यह घटना हुई। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण कर मामले की जांच शुरू की। फिलहाल फरार नाबालिक लड़की की तलाश की जा रही है।

नागझिरी थाना पुलिस ने बताया कि देवास जिले के रहने वाली लड़की के माता-पिता नहीं है। वह अपने चाचा के साथ रहती थी। नाबालिग होने के बावजूद उसके चाचा उसका विवाह कर रहे थे। इस कारण उसे इसी साल जून माह में उज्जैन के बालिका गृह भेजा था, तभी से वह यहां रह रही था। रविवार सुबह पानी के कैम्पर रखने के लिए गाड़ी बालिका गृह आई, इसी दौरान गेट खुला होने के कारण लड़की भाग निकली। सीएसपी श्वेता गुप्ता ने बताया कि पुलिस लड़की की तलाश कर रही है। जल्द ही उसे रिकवर कर लिया जाएगा।

### प्रधानमंत्री ने की इंदौर की तारीफ,बोले-

# एक ही दिन में लाखों पौधे लगाकर बनाया रिकॉर्ड





**भोपाल ( चम्बल नवराष्ट्र )।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आकाशवाणी पर प्रसारित होने वाले अपने नियमित रेडियो कार्यक्रम मन की बात में रविवार को इंदौर में हुए पौधारोपण की तारीफ की।उन्होंने कहा कि देश में स्वच्छता को लेकर मशहूर इंदौर शहर ने अब एक और उपलब्धि हासिल कर ली है। एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत शहर में एक ही दिन में लाखों पौधे लगाकर रिकॉर्ड बनाया गया है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि पिछले मन की बात कार्यक्रम के अंतर्गत एक पेड़ मां के नाम के कार्यक्रम की चर्चा की थी। देश के अलग-अलग हिस्सों में एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत अच्छे कार्य हुए। स्वच्छता के लिए अपनी पहचान बनाने वाले इंदौर में एक शानदार कार्यक्रम हुआ। यहां एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम के दौरान एक ही दिन में एक वक्त में लाखों पौधे लगाए गए। उन्होंने नागरिकों से आह्वान किया कि अपनी मां के नाम पेड़ लगाने के इस अभियान से प्रत्येक नागरिक जुड़ें। साथ ही पौधा लगाने की सेल्फी लेकर सोशल मीडिया पर अवश्य शेयर करें, जिससे अन्य लोग भी इससे प्रेरित होकर अभियान से जुड़ें। इस अभियान से जुड़कर नागरिकों को अपनी मां और धरती मां दोनों के लिए कुछ विशेष कर पाने का अहसास होगा।

इंदौर की तारीफ करने पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने प्रधानमंत्री का आभार जताया है। उन्होंने एक्स पर कहा कि आज मन की बात कार्यक्रम में प्रधानमंत्री मोदी ने इंदौर में %एक पेड़ माँ के नाम% अभियान के तहत एक ही दिन में लाखों पौधे लगाकर बनाए गए विश्व रिकॉर्ड का उल्लेख किया। आपकी इस सराहना से इंदौरवासियों के साथ-साथ जनप्रतिनिधियों, सामाजिक संगठनों, एनजीओ एवं स्कूल-कॉलेज के विद्यार्थियों में पर्यावरण के प्रति समर्पण में और अधिक वृद्धि होगी। आपका हार्दिक आभार प्रधानमंत्री जी...। प्रदेश के नगरीय विकास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने सोशल मीडिया के जरिए प्रधानमंत्री का आभार जताया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने मन की बात कार्यक्रम में अपने इंदौर के लोगों की इच्छाशक्ति की तारीफ़ की है। हम सब इंदौरवासी इससे बहुत प्रभावित हैं। इस बार तो इंदौर ने एक दिन में सर्वाधिक पेड़ लगाने का विश्व रिकॉर्ड भी बनाया है। आपके आशीर्वाद और प्रोत्साहन से वसुधा को संवारने का यह कार्य निरंतर जारी रहेगा।

उल्लेखनीय है कि देश के स्वच्छ शहर इंदौर ने एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत इंदौर ने 51 लाख पौध लगाने का लक्ष्य तय किया है। इसी क्रम में गत 14 जुलाई को इंदौर शहर में रेवती रेंज की पहाड़ी पर 24 घंटे में 11 लाख से अधिक पौधे रोपे गए थे। इस कार्यक्रम में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने भी अपनी मां के नाम से एक पौधा रोपा था। इसके पहले देश में एक ही दिन में 9.26 लाख पौधे रोपने का रिकॉर्ड असम के नाम पर था। इंदौर ने यह रिकार्ड तोड़कर गिनीज बुक ऑ?फ वर्ल्ड रिकॉर्ड में अपना नाम दर्ज कराया था।

# छतरपुर में अच्छी बारिश के लिए लोगों ने कराई गधे की शादी, बैंड बाजे के साथ निकाली गई बारात



**छतरपुर ( चम्बल नवराष्ट्र )।** छतरपुर में रविवार की सुबह गधे-गधाईया के विवाह कराने का मामला सामने आया है। जहां यह शादी शहर के बीच बाजार गांधी चौक बाजरा में कराई गई। इस दौरान यहां के लोगों ने मज़ाकिया अंदाज़ में और गधा-गधईया पक्ष की भूमिका में नजर आए और इस सब के साक्षी बने।इतना नहीं इस दौरान गधों को मिठाई खिलाई और बांटी, ढ़ोल-नगाड़े बजे और गाजे बाजे के साथ जमकर नाच हुआ। लोगों की मानें तो पहले मेढ़क और मेढकी के विवाह कराये जाते थे जिससे अच्छी बारिश होने लगती थी, पर इस बार ट्रेक चेंज कर दिया है और अन्य शहरों की भांति और दूसरों की देखा-देखी गधा-गधईया का विवाह बीच चौराहे पर कराया गया है।

अन्य लोगों की मानें तो जैसे अब मजे के लिए कुछ भी करने लगे हैं। नया करने के चक्कर में लोग कुछ भी किए जा रहे हैं। ऐसे तो आने वाले समय में इस तरह से तो परम्पराओं का भी मजाक बनने लगेंगे। पहले मेढक-मेढकी का विवाह और अब गधा-गधईया का विवाह महज़ एक उपहास बनकर रह गया है। कई लोगों का कहना है कि इंसान अपने मजे मजाक बनने के लिये इस तरह के काम करता है, और टोने-टोटके का सहारा लेता है।

यहां गधों की बात करें तो पहले गधों को मूर्ख कहा जाता था और लोग इसे देखकर दूर भागते थे, पर अब आलम यह है कि लोग इसे अपने पास लाकर रस्म अदायगी कर रहे हैं, फिर चाहे वह भले ही कुछ समय के लिए ही क्यों न हो गधों को अपने करीब ला रहे हैं और उनकी आवभगत कर शादियां तक कर और करा रहे हैं।

# समाज कानून से नहीं, नैतिकता और संस्कारों से चलता है : डॉ निवेदिता शर्मा



**भोपाल ( चम्बल नवराष्ट्र )।** राज्य बाल संरक्षण आयोग की सदस्य डॉ निवेदिता शर्मा ने राजधानी भोपाल में आयोजित परिसंवाद कार्यक्रम में कहा कि भारत सरकार द्वारा तीन नए कानून लागू किए हैं। तीनों पुराने कानून हैं, जिनका कुछ हिस्सा हटाया गया है और इनका नाम बदला गया है।इनमें कुछ नया जोड़ा भी गया है। इनमें दंड की न्याय शब्द का इस्तेमाल कर भारतीय न्याय संहिता 2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 और भारतीय साक्ष्य संहिता 2023 हो गए हैं। उन्होंने 2012 में आए माता-पिता भरण पोषण कानून का जिक्र करते हुए कहा कि इसकी जरूरत क्यों पड़ी, यह सोचने की जरूरत है, लेकिन समाज कानूनों से नहीं, नैतिकता और संस्कारों से चलता है। कानूनों की शिक्षा देने की आवश्यकता है।

डॉ निवेदिता शर्मा शनिवार को हिन्दुस्थान समाचार न्यूज एजेंसी और धर्म संस्कृति समिति द्वारा भू अतिक्रमण और समान नागरिक संहिता को लेकर राजधानी भोपाल में आयोजित एक दिवसीय परिसंवाद कार्यक्रम को बतौर विशिष्ट अतिथि संबोधित कर रही थीं। उन्होंने कहा कि भू अतिक्रमण और समान नागरिक सहिता पर बात करने की आवश्यकता है। कानून की भारतीय प्राथमिकता क्या हो सकती है। हर किसी को इस देश में न्याय पाने का अधिकार है। अंग्रेजों के समय में हमें व्यवस्थित न्याय नहीं मिला, हम यह समझते हैं तो ऐसा नहीं है। क्या कोई किसी किसी महिला के साथ व्यभिचार करेगा तो उसको सजा मिलनी चाहिए। यह व्यवस्था प्राचीन समय से चली आ रही है।

**क्या राजा का बेटा है तो उसे माफ कर देना चाहिए**-उन्होंने अयोध्या के राजा सदर का उदाहरण देते हुए कहा कि उनके राजकुमार का नाम असमंजस था। लोगों ने राजा से शिकायत करते हुए कहा कि राजकुमार असमंजस हमारे छोटे-छोटे बच्चों को उठाकर तेज जलधारा में फेंक देता था। इससे हमारे बच्चे चिल्लाते हैं और उसे मजा आता है। तब राजा उठे और उन्होंने अपने मंत्रिपरिषद को बुलाया और सभा के लिए उन्होंने कहा राजकुमार से अपना पक्ष रखने के लिए कहा। जब उन्होंने अपना पक्ष रखा तुमने कहा माफ कर दीजिए, लेकिन क्या राजा का बेटा है तो उसे माफ कर देना चाहिए, लेकिन उस समय उसे राजद्रोह के नाते उसे देश से निकाल दिया। किसी की मृत्यु नहीं हुई थी, इसलिए उसे मृत्युदंड नहीं मिला। ऐसी न्याय व्यवस्था भारत में देखने को मिलती है।

# खाट पर शव रखकर पार करनी पड़ी नदी,अस्पताल ले जाते समय हुई मौत



**रायसेन ( चम्बल नवराष्ट्र )।** जिले में हिनोतिया गांव में एक युवक के शव को परिजनों ने चारपाई पर लेटाकर घोड़ा पछाड़ नदी को पार किया और घर पर लेकर पहुंचे यह मामला शनिवार का है बताया जा रहा है कि युवक के सीने में दर्द था और उसको परिजन अस्पताल लेकर पहुंचे थे।

यहां पर डॉक्टरों ने युवक को मृत घोषित कर दिया जिसके बाद एम्बुलेंस से युवक के शव को घर लाया जा रहा था, लेकिन नदी किनारे तक ही एंबुलेंस पहुंच सकी इसके बाद ग्रामीणों ने अपनी जान जोखिम में डाली और चारपाई पर शव को रखकर नदी को पार किया है।आपको बता दें कि सांची विधानसभा में आने वाले हिनोतिया में बारिश के कारण 10 से 12 गांव के लोग हर साल परेशान होते हैं। क्योंकि गांव से निकलने वाली घोड़ा पछाड़ नदी ओवरफ्लो हो जाती है और पानी ऊपर पुल के बहाने लगता है। शनिवार को हिनोतिया गांव में रहने वाले राजू की तबीयत खराब हो गई। उसके सीने में दर्द हो रहा था, तत्काल परिजन उसको अस्पताल के लिए लेकर निकले लेकिन रास्ते में पड़ने वाली घोड़ा पछाड़ नदी के पुल पर पानी बह रहा था जो युवक के परिजनों ने बड़ी मुश्किल में पर की युवक को अस्पताल पहुंचाया गया यहां पर डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। इसके बाद युवक के शव को अस्पताल से घर लाने के लिए भी ग्रामीणों को काफी मुश्किल का सामना करना पड़ा, नदी तक तो युवक के शव को एंबुलेंस से लाया गया इसके बाद गांव के लोगों ने जान जोखिम में डालकर कमर तक पानी में युवक के शव को नदी पार कराई वहीं ग्रामीणों का कहना है कि पुल के निर्माण के दौरान जमकर भ्रष्टाचार हुआ है। अधिकारियों की मनमानी के चलते ग्रामीणों को हर साल बारिश में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

# मौसम विभाग का तगड़ा अलर्ट, मध्य प्रदेश के 28 जिलों में होगी भारी बारिश, 8 जिलों में बाढ़ की चेतावनी




**भोपाल ( चम्बल नवराष्ट्र ) ।** मध्य प्रदेश में रुक-रुक का वर्षा का दौर जारी है. कई जिलों में तेज बारिश हो रही है जिससे प्रदेश के नदी-नाले उफान पर हैं. रविवार को भी प्रदेश के 28 जिलों में भारी बारिश की चेतावनी जारी की गई है. 8 जिलों में नदियों का जलस्तर बढ़ने से बाढ़ के अलर्ट के साथ इससे लोगों को बचाने के लिए एडवाइजरी जारी की गई है. एमपी के अधिकतर डैम भी 75 प्रतिशत से अधिक भर चुके हैं. कई जिलों में बाढ़ से बचने के लिए डैमों के गेट खोले जा रहे हैं.

**कोलार के दो और सतपुड़ा डैम के 7 गेट खोल**-सीहोर जिले के आसपास तेज बारिश की वजह से कोलार डेम का जलस्तर भी 458.70 मीटर हो गया है. ऐसे में सावधानियां बरतते हुए इसके 8 में से 2 गेट रविवार को खोल दिए गए. बैतूल के सारणी स्थित सतपुड़ा बांध के 14 में 7 गेट खोले गए हैं. इसी तरह जबलपुर के बरगी डैम का जलस्तर पर भी 417.50 मीटर तक पहुंच गया है. जरुरत पड़ने पर इसके भी गेट खोले जा सकते हैं. अन्य जिलों में स्थित डैमों का भी लगातार जलस्तर बढ़ रहा है.

**छिंदवाड़ा में नदी पार कर रहे दो बाइक सवार बहे**-छिंदवाड़ा के धमनिया गांव में शनिवार को नदी का रपटा पार कर रहे दो बाइक सवार बह गए. हालांकि ग्रामीणों ने उन्हें किसी तरह बचा लिया लेकिन बाइक नदी में बह गई. मंदसौर में नाला पार कर रहा एक 60 वर्षीय किसान पानी में बह गया. शनिवार को सागर के खुरई में 6 लोग नाले में फंस गए थे जिन्हें बाद में एसडीआरएफ की टीम ने बाहर निकाला. खुरई के ही बरौंदिया गांव में एक कच्चा मकान गिरने से एक महिला और उसका बेटा मलबे में दब गया थे जिन्हें बाद में निकाला गया.

**एमपी के 28 जिलों में भारी बारिश का अलर्ट जारी**-मौसम वैज्ञानिक वेद प्रकाश सिंह ने बताया कि कम दबाव का क्षेत्र कमजोर पड़कर हवा के ऊपरी भाग में चक्रवात के रूप में परिवर्तित हो गया है. वर्तमान में वह छत्तीसगढ़ और उससे लगे पूर्वी मध्य प्रदेश पर सक्रिय है. मानसून द्रोणिका भी मध्य प्रदेश से होकर गुजर रही है. जिससे रविवार-सोमवार को नर्मदापुरम, देवास, मंदसौर, सागर, बालाघाट छिंदवाड़ा, पांढुर्ना, बैतूल, खरगोन, बड़वानी, रतलाम, कटनी, दमोह, जबलपुर, मंडला, सिवनी, नरसिंहपुर, विदिशा, रायसेन, सीहोर, राजगढ़, आगर-मालवा, उज्जैन, इंदौर, धार, खंडवा, बुरहानपुर और हरदा में भारी बारिश की संभावना है. 8 जिलों के लिए बाढ़ की एडवाइजरी जारी की गई है।

### एमपी में औसत से 10 प्रतिशत अधिक बारिश

पिछले 24 घंटों के दौरान रविवार सुबह साढ़े आठ बजे तक पचमढ़ी में 111.8, नर्मदापुरम में 103.3, नरसिंहपुर में 52, सिवनी में 46, गुना में 39.8, रीवा में 34.6, मंडला में 34.4, सागर में 34.2, छिंदवाड़ा में 31.6, खरगोन में 28, मलाजखंड में 24.6, रायसेन में 24, जबलपुर में 23.4, खजुराहो में 21, उज्जैन में 19, भोपाल में 18.6, रतलाम में 18, इंदौर में 17.3, सतना में 17.1, धार में 12.6, उमरिया में 9.6, खंडवा में 9, नौगांव में 8, सीधी में 7.4, शिवपुरी में 7, दमोह में 6 और टीकमगढ़ में 2 मिलीमीटर वर्षा हुई. बता दें कि इस सीजन में एक जून से लेकर 28 जुलाई के सुबह साढ़े आठ बजे तक प्रदेश में कुल 447.4 मिमी वर्षा हो चुकी है जो सामान्य वर्षा 418.4 मिमी की तुलना में 10 प्रतिशत अधिक है.

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक विनीत गुप्ता, एम.आई.आफसेट वर्क्स, 91, रशीदिया स्कूल के पास बरखेड़ी, भोपाल से मुद्रित तथा सीओ मो. नफीस कुरैशी 91, रशीदिया स्कूल के पास, बरखेड़ी, भोपाल-462008 से प्रकाशित। सम्पादक: विनीत गुप्ता मो. 8889307028, कार्यकारी सम्पादक महेन्द्र राय। RNI No. MPHIN/2018/77427 ( समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र भोपाल रहेगा। )